
सफल, सुरक्षित व समृद्ध जीवन हेतु
"धर्म शिक्षा"
सनातन संस्कृति संघ/भारत स्वाभिमान दल

अनुक्रमणिका

प्रस्तावना 9

सनातन शाश्वत सत्य धर्म का प्रमाण 10

शक्ति का मूल संगठन हैं 11

रक्षा किया हुआ धर्म अपने रक्षक की रक्षा करता हैं 12

सनातन धर्म के पतन के कारण और निवारण 13

जडों की ओर लौटें 15

क्या ईश्वर हैं ? 15

उसका स्वरूप क्या हैं ? 15

भगवान कौन हैं ? 16

धर्म क्या हैं ? 16

अधर्म क्या हैं ? 17

धर्म के दस लक्षण कौन- कौन से हैं ? 17

ज्ञान और कर्म में से किसकी साधना करें ? 17

भाग्य क्या हैं ? 18

सुख और शान्ति का रहस्य क्या हैं ? 18

चित्त पर नियंत्रण कैसे सम्भव हैं ? 18

सच्चा प्रेम क्या हैं ? 18

आसक्ति क्या हैं ? 18

बुद्धिमान कौन हैं ? 18

मैं कौन हूँ ? 18

जीवन का उद्देश्य क्या हैं ? 18

जन्म का कारण क्या हैं ? 19

जन्म और मरण के बन्धन से मुक्त कौन हैं ? 19

वासना और जन्म का सम्बन्ध क्या हैं ? 19

जाति क्या हैं ? 19

तो क्या मनुष्यों में जाति नहीं होती ? 19

संसार में दु:ख क्यों हैं ? 19

ईश्वर ने दु:ख की रचना क्यों की ? 19

चोर कौन हैं ? 19

जागते हुए भी कौन सोया हुआ हैं ? 19

कमल के पत्ते में पडे जल की तरह अस्थायी क्या हैं ? 19

नरक क्या हैं ? 20

मुक्ति क्या हैं ? 20

दुर्भाग्य का कारण क्या हैं ? 20

सौभाग्य का कारण क्या हैं ? 20

संसार को कौन जीतता हैं ? 20

भय से मुक्ति कैसे सम्भव हैं ? 20

मुक्त कौन हैं ? 20

अज्ञान क्या हैं ? 20

मनुष्य का साथ कौन देता हैं ? 20

वायु से तेज कौन चलता हैं ? 20

विदेश में साथी कौन होता हैं ? 20

विद्या क्या हैं ? 20

किसे त्याग कर मनुष्य प्रिय हो जाता हैं ? 21

कौन सा एकमात्र उपाय है जिससे जीवन सुखी हो जाता हैं ? 21

सर्वोत्तम लाभ क्या हैं ? 21

मत, पंथ, सम्प्रदाय से बढकर संसार में और क्या हैं ? 21

कैसे व्यक्ति के साथ की गयी मित्रता कभी पुरानी नहीं पड़ती ? 21

इस जगत में सबसे बडा आश्चर्य क्या हैं ? 21

तीर्थ क्या हैं ? 21

पुरूषार्थ क्या हैं ? 21

अहिंसा किसे कहते हैं ? 21

स्वाध्याय किसे कहते हैं ? 22

ईश्वर प्रणिधान किसे कहते हैं ? 22

गुरू किसे कहते हैं ? 22

तो क्या सभी शिक्षक, आचार्य गुरू नहीं होते ? 23

बच्चों के निर्माण में शिक्षकों, आचार्यों, कथावाचको व अभिभावकों का क्या दायित्व हैं ? 23

गणेश कौन हैं ? क्या सर्वप्रथम उनकी पूजा होनी चाहिए ? 23

ईश्वर एक है या अनेक ? 24

भगवान को हम अपना इष्ट कैसे बनाएँ ? 24

गायत्री मंत्र में ईश्वर की उपासना की गयी हैं अथवा सूर्य की? इस मंत्र का अर्थ क्या हैं ? 25

भगवान राम को प्रसन्न करना हो तो क्या करें ? 25

क्या हनुमान जी बन्दर थें ? 26

क्या हनुमान जी के पूँछ भी नहीं थी ? 27

शिव कौन हैं ? 27

शिवलिंग क्या हैं ? 28

शिवलिंग साकार का प्रतिक है अथवा निराकार का ? 28

क्या शिवलिंग मनुष्य का जननेन्द्रिय नहीं हैं ? 28

क्या शिवलिंग का कोई वैज्ञानिक तथ्य भी हैं ? 30

क्या सनातन हिन्दू धर्म में तैंतीस करोड देवी- देवता हैं ? 30

अवतार कौन होता हैं ? 31

आज भारत में बहुत सारे अवतार विद्यमान है, फिर भी राष्ट्र- धर्म का पतन क्यों हो रहा हैं ? 32

स्वघोषित पाखण्डी कालनेमि अवतारों का वध करना ईश्वरीय कार्य हैं 33

इस्लामिक प्रचारक और भविष्य पुराण का महामद राक्षस 34

हमारे सनातन वैदिक धर्म में वसुधैव कुटुंबकम क्यों कहा गया ? 35

सभी धर्म एक जैसे है ? हिन्दुओं में यह मिथ्याचार क्यों फैलाया जाता हैं ? 36

विनाश काले विपरित पूजा क्या हैं ? 36

क्या शिर्डी साई की पूजा भी नहीं करनी चाहिए ? 37

कृपया संक्षेप में सिद्ध करें कि साई मुसलमान था? और मांस खाता था ? 38

साई को बढावा क्यों दिया जा रहा हैं ? 38

तो फिर क्यों कहा जाता है कि सबका मालिक एक है ? 39

कृपया धर्म, पंथ और सम्प्रदाय में मूलभूत अन्तर स्पस्ट करें ! 39

धर्म समाज को जोडता है, जबकि सम्प्रदाय (मजहब या रिलीजन) समाज को तोडता हैं 40

कुरान में ऐसी कौन सी बातें (आयते) है जो मानवता के लिए खतरनाक और घृणास्पद है?
तथा मुसलमानों और गैर मुसलमानों के बीच भेदभाव और द्वेष फैलाती हैं ? 40

लव जिहाद किसे कहते हैं ? 43

लव जिहाद कैसे होता हैं ? 43

हलाला क्या होता हैं ? 45

जनसंख्या जिहाद के बारे में एक कथानक 46

इस्लामिक हदीसे इस बारे में क्या कहती हैं? और क्या किसी मुसलमान ने इस्लाम छोडकर मानवता का पथ अपनाया हैं ? 47

आखिर इस्लाम में बहू का बलात्कार करना अपराध न होकर उपहार क्यूँ है..? 50

हम हिन्दू अपने बच्चों को विधर्मियों के जाल में फँसने से, लव जिहाद से कैसे बचाये ? 51

इस्लाम में अल- तकिया किसे कहते हैं और इसका इस्लाम के प्रचार प्रसार में क्या योगदान हैं ? 52

वामपंथी प्रोफेसर और मौलाना साहब के साथ हुई घोर असहष्णु वार्तालाप;
आखिर सच्चा मुसलमान कौन, कुरान को फॉलो करने वाला या कुरान ना फॉलो करने वाला 52

ईसाइयों में जेसूट्स की शपथ क्या हैं ? 61

भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण, महावीर हनुमान, विक्रमादित्य, विद्यारण्य स्वामी, आचार्य चाणक्य, शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप, गोकुल सिंह की इस पवित्र भूमि को हमेशा जुझना क्यों पड रहा है ?
इसका समाधान क्या हैं ? 62

हम सनातन धर्मी हिन्दुओं का कर्तव्य कर्म 63

आत्म परिष्कार, उज्जवल भविष्य, समृद्ध व सुरक्षित जीवन हेतु सामूहिक धर्म साधना 64

एकं सद् विप्रा: बहुधा वदन्ति 65

गायत्री मंत्र कब कितना जपना आवश्यक हैं 65

साधना निर्देश 66

साधना पद्धति 66

ईश्वर स्तुति: 67

गायत्री मंत्र 67

नमस्कार 68

शुभकामनाएँ 68

शान्तिपाठ 69

जयघोष 69

कहो गर्व से हम हिन्दू हैं 70

एकात्मकता स्तोत्र 70

समय के शब्दों में भगवद्गीता का सन्देश 77

गीता का सार 77

स्वस्थ रहने के स्वर्णिम सूत्र 83

सनातन संस्कृति संघ (ट्रस्ट) संक्षिप्त परिचय 86

सनातन संस्कृति संघ से क्यों जुड़े... 87

भारत स्वाभिमान दल क्या हैं 88

भारत स्वाभिमान दल से क्यों जुड़े... 90

सम्पूर्ण व्यवस्था परिवर्तन के लिए भारत स्वाभिमान दल की ग्यारह सूत्री कार्य योजना 93

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णमुदच्यते । 95

****

ॐ भूर्भुव: स्व: तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो न: प्रचोदयात्।

सफल, सुरक्षित, व समृद्ध जीवन हेतु

धर्म शिक्षा

इस पृथ्वी पर

संस्कृति का प्रथम सूर्योदय कहाँ हुआ था ?

विश्व में ज्ञान विज्ञान, सभ्यता एवं संस्कार का प्रकाश सर्वप्रथम कहा से प्रसारित हुआ था ?

संस्कृति का सर्वप्रथम पवित्र नाद कहाँ गूँजा था ?

जहाँ गंगा, सरस्वती, सिन्धु, ब्रह्मपुत्र, गंडकी, कावेरी, यमुना, नर्मदा, कृष्णा, गोदावरी तथा महानदी का पवित्र जल बहता है,

जहाँ दक्षिण में हिन्द महासागर गर्जन करता है,

जहाँ उत्तर में देवात्मा हिमालय की पवित्र छत्रछाया है,

कैसी दिव्य, भव्य है अपनी मातृभूमि भारत, कितनी गौरवशाली है संस्कृति !

इस पवित्र भूमि पर से पुन: गूँज उठे संस्कृति का पवित्र नाद,

आइए, धर्म साधना से इस सनातन संस्कृति का भव्यनाद गूँजायमान करें |

धर्म से संस्कार मिलते है और संस्कार शक्ति प्रदान करते है, राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र रक्षा के लिए धर्म ही मुख्य धुरी होता है | सनातन धर्म भगवत्प्रेम व मोक्ष प्राप्ति का वह मार्ग है, वह साधन है, जिसको अवमर्दित करने के, नष्ट करने के, मिटा डालने के हर सम्भव प्रयास सहस्त्राधिक वर्षो से किये गये (और आज भी किये जा रहे है) किन्तु धर्म आज भी पर्वत की तरह अचल, अटल, स्थिर होकर खड़ा है | यही सनातन शाश्वत सत्य का प्रमाण है | धर्म शिक्षा व सामुहिक धर्म साधना द्वारा इसकी रक्षा सम्वर्द्धन करना हम सब का सनातन धर्म है |

- विश्वजीत सिंह अनंत

इस पुस्तक को प्रकाशित करने का उद्देश्य किसी व्यक्ति, वर्ग, सम्प्रदाय की भावनाओं को आहत करना नहीं है, बल्कि सनातन सत्य को सामने लाकर सनातन धर्म की रक्षा करना है | किसी भी वाद की स्थिति में न्यायक्षेत्र मेरठ न्यायालय मान्य होगा |

यह पुस्तक परम् पिता परमात्मा की कृपा से आपके पास आई है | इसे पवित्र स्थान पर रखें, परिवार में सबको पढ़ाएँ, इसकी धर्म साधना को अपने जीवन में अपनाएँ तथा अन्य व्यक्तियों को भी साधना के लिए प्रेरित करें, ताकि धर्म ध्वज के तले मानवता स्वस्थ, सुखी, समृद्ध व सुरक्षित रहे | हमारा विश्वास है कि धर्म शिक्षा व सामूहिक धर्म साधना से ही असुरता का निवारण होकर मानव में देवत्व के अवतरण का मार्ग प्रशस्त होगा | साधको की सद्कामनाएँ पुर्ण होगी ओर भारत पुन: विश्वगुरू बनेगा |

*** निवेदक ***

भारत स्वाभिमान दल

|| ॐ परमात्मने नम : ||

सामर्थ्यमूलं स्वातन्त्र्यं, श्रममूलं च वैभवम्। न्यायमूलं सुराज्यं स्यात्, संघमूलं महाबलम्॥

"स्वतन्त्रता सामर्थ्य पर आधारित है, वैभव परिश्रम से प्राप्त होता है, सुराज्य उसी को कहेंगे जहाँ न्याय सुलभ हो तथा शक्ति का मूल संगठन है।"

सनातन धर्म सृष्टि के आरंभ से चला आ रहा है | सनातन धर्म के विषय में संसार के किसी भी देश में कोई मतभेद नजर नहीं आता, क्योंकि सनातन धर्म ही वैदिक विश्व राष्ट्र का धर्म रहा है | अब से लगभग 5 हजार एक सौ वर्ष पूर्ण हुये विनाशकारी विश्व महा युद्ध महाभारत में वेदज्ञ विद्वानों व वीर योद्धाओ के मारे जाने के कारण भारत का प्रभाव विश्व सत्ता पर निर्बल पड़ने लगा | तदानुपरांत विद्वानों की प्रतिष्ठा व क्षमता भी कम हो गई तो कालांतर में अनेक अवैदिक व भोगवादी मत- मतांतरों ने जन्म लिया | जिनके अमानवीय आसुरी कार्यकलापों से मानवता आज भी त्राहि- त्राहि कर रही है |

विश्व के किसी भी देश में धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए इतना दीर्घकालीन, त्यागमय और सफल संघर्ष नहीं हुआ है जितना भारत के साधु- संतों व वीर- वीरांगनाओं ने किया | विश्व की महान संस्कृतियाँ (रोम, यूनान, मिश्र, ज़्रथुस्त आदि) उदित हुई काल के कपाल के कराल थपेड़ों को न सह सकने के कारण कुछ ही शताब्दियों में ध्वस्त हो गई, परंतु सनातन वैदिक हिंदू संस्कृति सहस्रों वर्षो के भीषण आघातों के पश्चात आज भी जीवित है | यही सनातन शाश्वत सत्य धर्म का प्रमाण है | इस सनातन राष्ट्र भारत ने अपने जीवन में अनेक उत्थान और पतन देखे हैं किंतु उसकी लहरों में फँस कर उसने अपने जीवन की गति कभी खोई नहीं |

पीठ शत्रु को नहीं दिखायी हिंदुओं की संतानों ने |
केसरिया ध्वज रंग दिया था रक्तापूर्ण वीरों ने ||
गिरा हुआ ध्वज रामदास-शिवा छत्रपति ने उठा लिया |
गोकुल सिंह ने इसके कारण सर भी अपना कटा लिया ||
छत्रसाल और बुन्देलों ने इसी ध्वज को अपनाया |
राणा ने भी इसके कारण सब कुछ अपना त्याग दिया ||
इससे कारण कृपाण लेकर सिक्ख वीर उठ खड़े हुए |
बंदा गुरु गोविंद सिंह जी हिंदू -शत्रु पर टूट पड़े ||
पीत छटा थी त्यागमयी, कभी हृदय से नहीं गई |
श्रेष्ठ सनातन धर्म अपना, स्मृति उसकी उत्साहमयी ||

कितने भी भयंकर आपत्तियों व शक्तिशाली दुष्टों का सामना करना पड़े, उसमें साहस, धैर्य व आत्म विश्वास के साथ उन्हें पराजित करने का आत्मबल, संपूर्ण समाज में सदैव विद्यमान रहना चाहिए | सतयुग में माँ भगवती दुर्गा के रुप में दैवी शक्ति ने महिषासुर का मर्दन किया | त्रेता में भगवान श्रीराम ने वनवासियों का सहयोग लेकर, उन्हें संगठित कर दुष्ट रावण की आसुरी शक्ति का विनाश किया द्वापर में इसी प्रकार भगवान श्रीकृष्ण के मार्गदर्शन में दैवी शक्तियों ने आसुरी शक्तियों का विध्वंस किया | **संघे शक्ति कलौयुगे** | कलयुग में संगठन की शक्ति ही आसुरी शक्तियों का विनाश कर सकती है |

शक्त्या विहीना: पुरूषा हि लोके, नेतुं न राष्ट्रंप्रभवन्ति नूनम् |
देवा अपीमां समुपास्य शक्ति शुम्भादि-दैत्यान् समरे निजघ्नु:||

शक्ति के बिना कोई भी पुरुष अपने राष्ट्र की रक्षा नहीं कर सकता | देवता भी शक्ति की आराधना करके ही शुम्भादि दैत्यों का संहार करने में सक्षम हुए | पवित्र सनातन धर्म में सभी देवी देवताओं के पास शस्त्र है, क्योंकि यह धर्म है | आपके पास कौन सा शस्त्र है- कोई नहीं, यह अधर्म है | ध्यान रखों हिन्दू तभी मरा है जब वो अपने धर्म से भटका है, शास्त्र (वेद, गीता, रामायण आदि पवित्र ग्रन्थ) तथा शस्त्र (हथियार) दोनो की साधना करों | अपना धर्म निभाओं, ध्यान रखों धर्म सदैव जीता है | बिना शास्त्र ज्ञान के तथा बिना शस्त्र संचालन के धर्म की रक्षा नहीं की जा सकती |

धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः |
तस्माद्धर्मो न हन्तव्यः मानो धर्मो हतोवधीत् ||

नष्ट हुआ धर्म ही मनुष्य का नाश करता है और रक्षा किया हुआ धर्म अपने रक्षक की रक्षा करता है । इसलिए धर्म को नष्ट नहीं करना चाहिए, ऐसा न हो कि नष्ट किया हुआ धर्म हमें नष्ट कर दे ।

अपने देश में दानवी- आसुरी शक्तियाँ सक्रिय है | इन शक्तियों का विनाश करने के लिए प्रत्येक को अपने अंदर की बुद्धि, भावना एवम् शक्ति को केंद्रित करना होगा, ताकि अपने घर- परिवार, समाज और देश को सुखी, वैभवशाली, विजयी जीवन प्राप्त हो सके | धर्म साधना से ही समाज और देश का एकीकृत स्वरुप प्रकार होगा | धर्म साधना से ही अनाचार, भ्रष्टाचार व पापाचार मिट सकता है | भारत का प्रत्येक पहलू धर्म से परिपूर्ण है | सनातन हिंदू- जीवन प्रणाली ही भारत के जीवन- वैशिष्टय को बनाए रखने वाली है | किंतु दुर्भाग्य से मैकालेवादियों, साम्यवादियों, अरबवादियों, कालनेमिवादियों ने शिक्षा- पद्धति व इतिहास को बदल कर भारतीय जन समुदाय के मस्तिष्क को अपना गुलाम बना लिया परिणाम स्वरुप संसार में अपने स्वत्व के अस्तित्व का निषेध करने वाला पापी यदि कोई होगा, तो वह अपने हिंदू समाज में ही मिलेगा |

जो समाज अपनी संस्कृति से कट जाता है उसका कभी भला नहीं हो सकता |

हमें पुन: अपनी मूल संस्कृति व सच्चे अध्यात्म की ओर लौटना होगा, तभी सत्य सनातन वैदिक हिन्दू धर्म व संस्कृति की रक्षा होगी तथा सच्चे ईश्वर की उपासना से जीवन में सुख, शांति, समृद्धि व मुक्ति की प्राप्ति होगी |

सच्चे ईश्वर की उपासना के लिए आवश्यक है कि हम जाति- वर्ण के मिथ्या बंधन तोड़कर धर्म के झंडे तले एक हो जायें | **संसार में हम सब से श्रेष्ठ है लेकिन जाति- वर्ण- सम्प्रदाय ने हमारा सत्यानाश किया हुआ है** | आइये हम उन सभी दरारों को भर दे जो अपनों के स्वार्थ व अज्ञानता और परायों के षड़यन्त्रों ने पैदा की है | हम भेदभाव और छूआछूत की दीवारें ढहा दे तथा संकल्प लें कि हम सब भारत माता की संताने है, हम सब एक है | हम सर्वप्रथम सनातनधर्मी हिंदू है, यही हमारा अस्मिता बोध है |

हिन्दव: सोदरा: सर्वे, न हिंदू पतितो भवेत् |
मम दीक्षा धर्म रक्षा, मम मंत्र समानता ||

सब हिंदू भारत माता की संतान होने से सहोदर है | इसलिए कोई हिंदू पतित नहीं हो सकता है |
हमने "समानता" का मंत्र लेकर "धर्मरक्षा" की दीक्षा ली है |||

|| जो बोले सो अभय सनातन धर्म की जय ||

सनातन धर्म के पतन के कारण और निवारण

****

ध्यान से पढ़ें, समझें, जीवन में उतारें !!!!!

****

क्योंकि, जो गलती को सुधार ले उसे मनुष्य कहते हैं।

****

सनातन हिन्दुओं के सभी प्रमुख गुणों को, मुसलमान, इसाई और बौद्धों ने अपनाया
और दुनियाँ में छा गए।

******

और सनातन हिन्दू इन्हें त्याग कर, बर्बाद होने के कगार पर हैं।

(1) हम धर्म की शिक्षा देकर 7 से 11 वर्ष के बच्चों को गुरुकुल भेजते थे। अब बंद है।
मुसलमान, इसाई नियम से मदरसा, मिशन स्कूल में पहले धर्म की शिक्षा देते हैं।
--- गुरुकुल समाप्त हो गये, मदरसे, मिशन स्कूल हजारों, लाखों की संख्या में खुल गए।
हिन्दुओं के बच्चे भी उसी में शौक से जा रहे हैं। और धर्मनिरपेक्षों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।
** प्रत्येक सनातन धर्मावलम्बी के लिए अनिवार्य गायत्री महामंत्र की त्रिकाल संध्या
(सुबह,दोपहर, शाम तीनों समय जप ध्यान) समाप्त।
-- उनकी 5 समय की नमाज और प्रतिदिन की प्रार्थना शुरू।
(3) सप्ताह में कम से कम एक दिन, पूजा, सत्संग, संगठन के लिए मंदिर जाना बंद।
-- उनका जुमे के दिन नमाज मस्जिद में, और रविवार प्रार्थना चर्च में शुरू।
(4) हिन्दू साधू संत गुरु जनों ने अपना कर्तव्य निभाना बंद किया, जिससे समाज में
उनकी प्रतिष्ठा का क्षय हुआ । धर्म शिक्षा हीन हिन्दू अब अपने साधू संतों का अपमान खुले आम करते हैं।
-- उनके मौलवी, पादरी जी-जान लगाकर धर्म प्रचार करते है, जिससे उन्हें उनके समाज में भरपूर
सम्मान मिलता है।
(5) कर्म को छोड़कर जाति को अपना लिया | घरेलू समारोहों में धर्म चर्चा बंद।

केवल रटी रटायी सत्यनारायण कथा, अखंड पाठ या कीर्तन।
--जाति छोड़कर कर्म को अपनाया | उनके मौलाना गये मिलाद(सत्संग) और पादरी का प्रवचन नियम से होते हैं।
(6) हिन्दू धर्म गुरू मठ, आश्रम बनाना, गाडी़ से चलना पसन्द करता है,
और केवल समृद्ध हिन्दू के घर जाता है, गरीब हिन्दू को दूर से ही फटकार देता है |
मुस्लिम धर्म गुरू मदरसे बनाता है जिसमें जिहादी शिक्षा दी जाती है, वो पैदल चलता है
और बिना भेदभाव के सब मुस्लिमों को गले लगाता है |
अमीर से पैसा लेता है और गरीब मुस्लिम को जिहाद के लिए पैसा देता है |
(6) देवता, धर्म गुरु का अपमान होने पर जुबान खींच लेना बंद।
-- उनका ईश निंदा कानून । धर्म विरुद्ध एक भी बात बर्दाश्त नहीं।
(7)धर्म और साम्राज्य विस्तार के लिए, अश्वमेध यज्ञ से, पूरी पृथ्वी पर साम्राज्य विस्तार का लक्ष्य समाप्त। हमने राजनीति छोड़ दी।
-- उन्होंने धर्म और राजनीति को जोडकर, दारुल इस्लाम, और पूरे संसार को इसाई बनाने का काम युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया।
(8) संविधान में हिन्दू विरोधी प्रावधान बनाकर कालनेमि वादी सरकारों की हिन्दू विरोधी, षड्यंत्रकारी नीतियों से, विद्यालयों में हिन्दू विरोधी पाठ्यक्रम से शिक्षा से हिन्दुओं को धर्मनिरपेक्ष बना दिया।
-- उन्हें संविधान में अल्प संख्यक बनाकर भरपूर सरकारी अनुदान देकर उनकी धार्मिक शिक्षा को बढ़ावा देकर और कट्टर बना दिया।
(9) इसीलिए संसार में हिन्दुओं का एक भी देश नहीं।
-- मुसलमानों के 56 देश , और ईसाईयों के संसार में 150 से अधिक देश हैं।
परिणाम:--
********* हिन्दू समाज द्वारा हिन्दू हित के लिए प्रचण्ड बहुमत से जिताये गये भारत के राजनेता कुर्सी पर बैठते ही धर्मनिरपेक्ष बन जाते है। और साम्प्रदायिक आधार पर हिन्दू विरोधी बौद्ध, मुस्लिम व ईसाई तुष्टिकरण की नीतियाँ बनाते है । जबकि वो हिन्दू वोटों से जीतकर आते है |
इसलिए हिन्दू एकता के लिए एक ही रास्ता बचा है :----

****

जड़ों की ओर लौटें।

****

जड़ें सूख गयी हैं-- सनातन धर्म के मजबूत आधार ये हैं ----

गायत्री, गीता, गंगा, गौमाता, यज्ञ और कर्म ।

***** इन्हें अपनाने से भाग्य की उन्नति होती है। दुर्भाग्य का शमन होता है।

आज 99% हिन्दू ये नहीं करते। इसीलिए पतन के गर्त में पहुँच गए हैं।

अतः आज से ही सनातन धर्म के इन सिद्धांतों का पालन करना शुरू कर दें।

क्योंकि:----

धर्म आचरण करने पर ही, ईश्वर रक्षा करता है।

धन जन से भरपूर बनाता, और विपत्ति हरता है।

आओ मिलकर करें साधना, देव शक्ति के जागरण की।

गूंजे फिर जयकार धरा पर, सत्य सनातन धर्म की।

|| जो बोले सो अभय सनातन धर्म की जय ||

|| ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी ||

प्रश्न - **क्या ईश्वर है? कौन है वह? क्या रुप है उसका? क्या वह स्त्री है या पुरुष?**

उत्तर - कारण के बिना कार्य नहीं। यह संसार उस कारण के अस्तित्व का प्रमाण है। तुम हो इसलिए वह भी है उस महान कारण को ही अध्यात्म में ईश्वर कहा गया है। वह न स्त्री है न पुरुष और न उभयलिंगी।

प्रश्न - **उसका स्वरूप क्या है?**

उत्तर - वह सत्-चित्-आनन्द है, वह अनाकार ही सभी रूपों में अपने आप को स्वयं को व्यक्त करता है |

प्रश्न - **वह अनाकार स्वयं करता क्या है?**

उत्तर - वह ईश्वर संसार की रचना, पालन और संहार करता है।

प्रश्न - **यदि ईश्वर ने संसार की रचना की तो फिर ईश्वर की रचना किसने की?**

उत्तर - वह अजन्मा अमृत और अकारण है |

प्रश्न - **भगवान कौन होता है?**

उत्तर - भगवान शब्द संस्कृत के भगवत शब्द से बना है। वह व्यक्ति जो पूर्णत: मोक्ष को प्राप्त हो चुका है और जो जन्म मरण के चक्र से मुक्त होकर कहीं भी जन्म लेकर कुछ भी करने की क्षमता रखता है, उसे भगवान कहते है | भगवान को ईश्वरतुल्य माना गया है इसीलिए इस शब्द को ईश्वर, परमात्मा या परमेश्वर के रूप में भी उपयोग किया जाता है, लेकिन यह उचित नहीं है। जो आत्मा पांचों इंद्रियो और पंचतत्व के जाल से मुक्त हो गई है वही भगवान कही गई है। इसी तरह जब कोई स्त्री मुक्त होती है तो उसे भगवती कहते हैं। भगवती शब्द का उपयोग माँ दुर्गा के लिए भी किया जाता है। इसे ही भगवान कहा गया है।

भगवान सन्धि विच्छेद: भ्+अ+ग्+अ+व्+आ+न्+अ

भ = भूमि

ग = गगन

व = वायु

अ = अग्नि

न = नीर

भगवान पंच तत्वों से बना है।

भगवान्- **ऐश्वर्य, धर्म, यश, लक्ष्मी, ज्ञान और वैराग्य- ये छ: गुण अपनी समग्रता में जिस गण में हों उसे 'भग' कहते हैं। उसे अपने में धारण करने से वे भगवान् हैं।** यह भी कि उत्पत्ति, प्रलय, प्राणियों के पूर्व व उत्तर जन्म, विद्या और अविद्या को एक साथ जानने वाले को भी भगवान कहते हैं।

प्रश्न - **धर्म क्या है?**

उत्तर - जीव मात्र के कल्याण भाव से सत्य पर आधारित ईश्वर की आज्ञा का यथावत पालन और पक्षपात रहित न्याय सर्वहित करना है । जो कि प्रत्यक्षादि प्रमाणों से सुपरीक्षित और वेदोक्त होने से सब मनुष्यों के लिये यही एक धर्म मानने योग्य है; वह सदा से चला आया है, उसको सनातन धर्म कहते हैं ।

प्रश्न - **अधर्म क्या है?**

उत्तर - जिसका स्वरुप ईश्वर की आज्ञा को छोडकर और पक्षपात सहित अन्यायी होके मत, पंथ, सम्प्रदायों में उलझकर बिना परीक्षा करके अपना ही हित करना है । जिसमें अविद्या , हठ , अभिमान, क्रूरतादि दोषयुक्त होने के कारण वेदविद्या से विरुद्ध है, इससे यह अधर्म कहलाता है, यह अधर्म सब मनुष्यों को छोडने के योग्य है |

प्रश्न- **धर्म के दस लक्षण कौन- कौन से है?**

उत्तर - **धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।**

धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम् ||

अर्थात धैर्य (किसी कार्य को तब तक धैर्य पूर्वक करते रहना जब तक की उसमें सफलता न मिल जाये), क्षमा (यदि किसी सज्जन, श्रेष्ठ व्यक्ति से भूलवश कोई गलती हो जाये तो उसे क्षमा करना, लेकिन जो दुष्ट-अधर्मी या पापी हो उसे किसी भी स्थिति में क्षमा न करें, ऐसे दुरात्मा को क्षमा करने वाला स्वयं दुख उठाता है), दम (बुरी इच्छाओं व दुष्टों का दमन), चोरी न करना, शौच (अन्दर बाहर की स्वच्छता), इन्द्रियों को वश मे रखना, विवेक, विद्या, सत्य और क्रोध न करना (अनावश्यक क्रोध न करें, लेकिन जब अत्याधिक आवश्यकता हो तो क्रोध अवश्य करें, यह धर्म हैं। शक्तिशाली पितामह भीष्म ने पाण्डवों द्वारा द्रोपदी को जुअे पर लगाये जाने पर भी क्रोध नहीं किया जो उनके जीवन का सबसे बड़ा पाप सिद्ध हुआ, दूसरी तरफ जटायु ने अशक्त होते हुए भी माता सीता का अपहरण करने वाले राक्षसराज रावण का प्रतिकार किया जो उनके जीवन का सबसे बड़ा पुण्य था) ; ये दस धर्म के लक्षण हैं।

प्रश्न- **ज्ञान और कर्म में से किसकी साधना करें ?**

उत्तर- **अन्धन्तमः प्र विशन्ति येऽविद्यामुपासते |**

ततो भूयऽइव ते तमो यऽउ विद्यायाम् रताः || यजुर्वेद 40/12

जो केवल अविद्या, अर्थात केवल भौतिकवादी कर्म में लगे रहते हैं वे गहरे अन्धकार में जाते हैं और जो भौतिकवादी कर्म की अवहेलना कर केवल अध्यात्म वाद में लगे रहते हैं वे उससे भी बढ़कर गहरे अन्धकार में जाते हैं | अब जो कार्य तो करता है पर उसकी लिए ज्ञान की आवश्यकता नहीं समझता वह अँधेरे में है | जो ज्ञानार्जन में तो रत रहता है पर तदनुसार कर्म नहीं करता वह कर्मविहीन ज्ञान के कारण

उससे भी गहन अन्धकार में है | ज्ञान और कर्म एक दूसरे के पूरक है, अत: मनुष्यों को इन दोनों की साधना करनी चाहिए |

प्रश्न - **भाग्य क्या है?**

उत्तर - हर क्रिया, हर कार्य का एक परिणाम है। परिणाम अच्छा भी हो सकता है, बुरा भी हो सकता है। यह परिणाम ही भाग्य है। आज का प्रयत्न कल का भाग्य है।

प्रश्न - **सुख और शान्ति का रहस्य क्या है?**

उत्तर - सत्य, सदाचार, प्रेम, शौर्य, क्षमा और संघबद्ध रहना सुख का कारण हैं। असत्य, अनाचार, पॉपाचार, कायरता, घृणा और क्रोध का त्याग शान्ति का मार्ग है।

प्रश्न - **चित्त पर नियंत्रण कैसे संभव है?**

उत्तर - इच्छाएं, कामनाएं चित्त में उद्वेग उत्पन्न करती हैं। इच्छाओं पर विजय चित्त पर विजय है।

प्रश्न - **सच्चा प्रेम क्या है?**

उत्तर - स्वयं को सभी में देखना सच्चा प्रेम है। स्वयं को सर्वव्याप्त देखना सच्चा प्रेम है। स्वयं को सभी के साथ एक देखना सच्चा प्रेम है।

प्रश्न- **तो फिर मनुष्य सभी से प्रेम क्यों नहीं करता?**

उत्तर - जो स्वयं को सभी में नहीं देख सकता वह सभी से प्रेम नहीं कर सकता।

प्रश्न - **आसक्ति क्या है?**

उत्तर - प्रेम में मांग, अपेक्षा, अधिकार आसक्ति है।

प्रश्न - **बुद्धिमान कौन है?**

उत्तर - जिसके पास विवेक है।

प्रश्न - **मैं कौन हूँ ?**

उत्तर - तुम न यह शरीर हो, न इन्द्रियां, न मन, न बुद्धि। तुम शुद्ध चेतना हो, वह चेतना जो सर्वसाक्षी है।

प्रश्न - **जीवन का उद्देश्य क्या है?**

उत्तर - जीवन का उद्देश्य उसी चेतना को जानना है जो जन्म और मरण के बन्धन से मुक्त है। उसे जानना ही मोक्ष है।

प्रश्न - **जन्म का कारण क्या है?**

उत्तर - अतृप्त वासनाएं, कामनाएं और कर्मफल ये ही जन्म का कारण हैं।

प्रश्न - **जन्म और मरण के बन्धन से मुक्त कौन है?**

उत्तर - जिसने स्वयं को, उस आत्मा को जान लिया वह जन्म और मरण के बन्धन से मुक्त है।

प्रश्न - **वासना और जन्म का सम्बन्ध क्या है?**

उत्तर - जैसी वासनाएं वैसा जन्म। यदि वासनाएं पशु जैसी तो पशु योनि में जन्म। यदि वासनाएं मनुष्य जैसी तो मनुष्य योनि में जन्म।

प्रश्न - **जाति क्या है?**

उत्तर - जो ईश्वरकृत मनुष्य, गाय, अश्व, हाथी, घोड़ा आदि जीव- जन्तु और वृक्षादि समूह है, वह सब जाति कही जाती है |

प्रश्न - **तो क्या मनुष्यों में जाति नहीं होती?**

उत्तर - हाँ, मनुष्यों में जाति नहीं होती क्योंकि मनुष्य स्वयं एक जाति है, इसमें ढाई भेद अवश्य होते है- पुरूष, स्त्री और उभयलिंगी(नपुसंक या हिजड़ा) | जो मनुष्य में इनसे अधिक भेद या जाति मानते है वे अज्ञानी है |

प्रश्न - **संसार में दुःख क्यों है?**

उत्तर - लालच, स्वार्थ, भय, दुष्ट- अधर्मियों को कठोर दण्ड का न दिया जाना संसार के दुःख का कारण हैं।

प्रश्न - **ईश्वर ने दुःख की रचना क्यों की?**

उत्तर - ईश्वर ने संसार की रचना की और मनुष्य ने अपने विचार और कर्मों से दुःख और सुख की रचना की।

प्रश्न - **चोर कौन है?**

उत्तर - इन्द्रियों के आकर्षण, जो मन को हर लेते हैं ।

प्रश्न - **जागते हुए भी कौन सोया हुआ है?**

उत्तर - जो आत्मा को नहीं जानता वह जागते हुए भी सोया है।

प्रश्न - **कमल के पत्ते में पड़े जल की तरह अस्थायी क्या है?**

उत्तर - यौवन, धन और जीवन।

प्रश्न - **नरक क्या है?**

उत्तर - इन्द्रियों की दासता नरक है।

प्रश्न - **मुक्ति क्या है?**

उत्तर - अनासक्ति ही मुक्ति है।

प्रश्न - **दुर्भाग्य का कारण क्या है?**

उत्तर - अकर्मण्यता, मद और अहंकार।

प्रश्न - **सौभाग्य का कारण क्या है?**

उत्तर - कर्मण्यता, सत्संग, विवेक और धर्म के प्रति समर्पणभाव।

प्रश्न - **संसार को कौन जीतता है?**

उत्तर- जिसमें सत्य, कर्मनिष्ठा और श्रद्धा है।

प्रश्न - **भय से मुक्ति कैसे संभव है?**

उत्तर - विवेक से।

प्रश्न- **मुक्त कौन है?**

उत्तर - जो अज्ञान से परे है।

प्रश्न - **अज्ञान क्या है?**

उत्तर - आत्मज्ञान का अभाव अज्ञान है।

प्रश्न- **मनुष्य का साथ कौन देता है?**

उत्तर - धर्म और कर्म ही मनुष्य का साथ देता है |

प्रश्न - **वायु से तेज कौन चलता हैं ?**

उत्तर - मन |

प्रश्न - **विदेश में साथी कौन होता है?**

उत्तर - विद्या |

प्रश्न - **विद्या क्या है?**

उत्तर - ईश्वर से लेकर पृथ्वीपर्यन्त पदार्थों का सत्य विज्ञान प्राप्त करना तथा उनका यथायोग्य उपयोग करना विद्या है |

प्रश्न - **किसे त्याग कर मनुष्य प्रिय हो जाता है?**

उत्तर - अहम् भाव से उत्पन्न गर्व के छूट जाने पर |

प्रश्न - **कौन सा एकमात्र उपाय है जिससे जीवन सुखी हो जाता है?**

उत्तर - अच्छा स्वभाव ही सुखी होने का उपाय है |

प्रश्न - **सर्वोत्तम लाभ क्या है?**

उत्तर - आरोग्य |

प्रश्न- **मत, पंथ, सम्प्रदाय से बढ़कर संसार में और क्या है?**

उत्तर - धर्म |

प्रश्न - **कैसे व्यक्ति के साथ की गयी मित्रता पुरानी नहीं पड़ती?**

उत्तर - सज्जनों के साथ की गयी मित्रता कभी पुरानी नहीं पड़ती |

प्रश्न - **इस जगत में सबसे बड़ा आश्चर्य क्या है?**

उत्तर - प्रतिदिन हजारों-लाखों लोग मरते हैं फिर भी सभी को अनंतकाल तक जीते रहने की इच्छा होती है, इससे बड़ा आश्चर्य और क्या हो सकता है?

प्रश्न - **तीर्थ क्या है?**

उत्तर - जितने विद्याभ्यास, सुविचार, ईश्वरोपासना, धर्मानुष्ठान, सत्य का संग, ब्रह्मचर्य, जितेन्द्रियता, दुष्टों का दमन, धर्म- रक्षा, उत्तम कर्म हैं, वे सब तीर्थ कहाते हैं क्योंकि इन्हें करके जीव दुःखसागर से तर सकते हैं |

प्रश्न - **पुरूषार्थ क्या है?**

उत्तर - सर्वथा आलस्य छोड़ के उत्तम व्यवहारों की सिद्धि के लिए मन, शरीर, वाणी और धन से अत्यन्त उद्द्योग (परिश्रम) करने को पुरूषार्थ कहते हैं |

प्रश्न- **अहिंसा किसे कहते है ?**

उत्तर- साधारण अर्थ में मन , वचन और कर्म के द्वारा किसी भी प्राणी को कष्ट न देना , न सताना , न मारना अहिंसा कहलाता है । अहिंसा परमधर्म है । किन्तु अहिंसा की यह परिभाषा बहुत ही अपूर्ण और असमाधान कारक है । केवल शब्दार्थ से अहिंसा का भाव नहीं ढूँढा जा सकता , इसके लिए योगेश्वर श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दी गई व्यवहारिक शिक्षा का आश्रय लेना पडेगा ।

जिस पुरूष के अन्तःकरण में ' मैं कर्ता हू ' ऐसा भाव नहीं है तथा जिसकी बुद्धि सांसारिक पदार्थ और कर्मो में लिप्त नहीं होती है , वह पुरूष सब लोगों को मारकर भी वास्तव में न तो मारता है और न ही पाप से बंधता है । जिस हिंसा से अहिंसा का जन्म होता है , जिस लडाई से शान्ति की स्थापना होती है , जिस पाप से पुण्य का उद्भव होता है , उसमें कुछ भी अनुचित या अधर्म नहीं है । वास्तव में मानवता की रक्षा के लिए दुष्टों का प्राण हरण करना तो शुद्ध अहिंसा है ।

अत्याचारी के अत्याचार को सहन करने का नाम अहिंसा नहीं यह तो मुर्दापन है । मृत शरीर पर कोई कितना ही प्रहार करता रहे , वह कोई प्रतिकार नहीं करता । इसी प्रकार जो मनुष्य चुपचाप अत्याचार सह लेता है , वह मृत नहीं तो और क्या है ?

भारतीय वैदिक संस्कृति में अत्याचार सहने का नहीं बल्कि अत्याचारी को दण्ड देने का विधान अहिंसा है | जो निजी स्वार्थ के वशीभूत होकर दूसरों को हानि पहुँचाता है , या किसी के प्राण लेता है , तो वह हिंसा है , और जो परमार्थ के लिए या सार्वजनिक हित के लिए अत्याचारी को हानि पहुँचाता , या उसको मार डालता है , तो वह हिंसा न होकर सच्ची अहिंसा है । क्योंकि उससे सार्वजनिक हित होता है ।

अहिंसा की प्रतिष्ठा इसलिए नहीं है कि उससे किसी जीव का कष्ट होता है । कष्ट होना न होना कोई विशेष महत्व की बात नहीं है , क्योंकि शरीरों का तो नित्य ही नाश होता है और आत्मा अमर है , इसलिए मारने न मारने में हिंसा - अहिंसा नहीं है । **अहिंसा का अर्थ है - ' द्वेष रहित होना । '** निजी राग - द्वेष से प्रेरित होकर संसार के हित - अहित का विचार किये बिना जो कार्य किये जाते है , वे हिंसा पूर्ण है । यदि लोक कल्याण के लिए , मानवता की रक्षा के लिए किसी को मारना पडे तो उसमें दोष नहीं है , वास्तव में वह शुद्ध अहिंसा है ।

प्रश्न- **स्वाध्याय किसे कहते है ?**

उत्तर- वेद, वाल्मिकी रामायण, गीता, उपनिषद् आदि सद्ग्रन्थों का अध्ययन तथा आत्मचिन्तन करना स्वाध्याय कहलाता है |

प्रश्न- **ईश्वर-प्रणिधान किसे कहते है ?**

उत्तर- सभी कर्मों का परमात्मा को समर्पण करना प्राणिधान कहलाता है |

प्रश्न - **गुरू किसे कहते है?**

उत्तर - जो माता-पिता रज-वीर्यदान से लेके भोजनादि कराके पालन-पोषण करते है, इससे माता-पिता को गुरू कहते हैं और जो अपने सत्योपदेश से ह्रदय के अज्ञान रूपी अन्धकार मिटा देवे, ऐसे आचार्य (शिक्षक) को भी गुरू कहते हैं ।

प्रश्न - **तो क्या सभी शिक्षक, आचार्य गुरू नहीं होते?**

उत्तर - सभी शिक्षक आचार्य नहीं होते, गुरू तो बिल्कुल भी नहीं | राष्ट्र के नवर्निर्माण के लिए रचनात्मक शिक्षा की आवश्यकता होती है | आज शिक्षक है, प्रोफेसर है, प्रिंसिपल हैं, कथावाचक है, कर्मकांडी है, पर विद्या देने वाले आचार्य- गुरू नहीं हैं | जो स्वयं कायर- भोगी है, वे बच्चों को वीरता- कर्मयोग कैसे सिखाएँगे ! जो स्वार्थांध है, वे दूसरों को तपस्वी कैसे बनाएँगे ! कहावत है '**अंधेनैव नीयमाना यथांधा:**' - यदि अंधा किसी को मार्ग पर लेकर चले तो अपने साथ उसको भी गिराएगा |

प्रश्न - **बच्चों के निर्माण में शिक्षकों, आचार्यो, कथावाचकों व अभिभावकों का क्या दायित्व है?**

उत्तर - राष्ट्रीय चरित्र और राष्ट्रभावना के बिना कोई भी राष्ट्र महान नहीं बन सकता, और बिना राष्ट्रगौरव के कोई भी व्यक्ति महान नहीं बन सकता | आप घर- परिवार के बच्चों को वह पाठ्यक्रम दे जिसे हमारे देश के पाठ्यक्रम में नहीं दिया जा रहा है | रामायण, महाभारत की कथा, गीता, उपनिषद् आदि स्मरण कराये जा सकते है | साथ ही **संस्कृत का अभ्यास अवश्य कराया जाये** | ईसाईयों को अंग्रेजी आती है वो बाइबल पढ़ लेते है, मुसलमानों को उर्दू आती है वो कुरान पढ़ लेते है | सिक्खों को गुरूवाणी का पता है वो गुरू ग्रन्थ साहिब पढ़ लेते है, पर हिन्दुओं को संस्कृत आती नहीं, वो ना वेद पढ़ पाते है, ना गीता ना उपनिषद् | इससे बडा दुर्भाग्य क्या होगा किसी धर्म का ? इसी अज्ञानता का लाभ पॉप, म्लेछ व पिशाच आदि उठाते है और विभिन्न प्रकार के पाखण्ड व षड़यन्त्र रचकर हिन्दू समाज का शोषण व धर्म-भ्रष्ट करते है | माता-पिता एवं शिक्षकों के साथ ही कथावाचकों, साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों को भी राष्ट्र-निर्माण की दिशा में प्रयास करना होगा | सरकार को भी चाहिए कि वह अपना व्यवसायिक दृष्टिकोण त्यागकर धर्म, दर्शन, न्याय, संस्कृति, आध्यात्मिक विज्ञान जैसे क्षेत्रों में अधिक से अधिक निवेश करें | बच्चों को गुमराह करने वाले साहित्य एवं मीडिया पर तत्काल प्रतिबन्ध इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा | स्थान - स्थान पर संस्कार शालाएँ एवं धर्म प्रशिक्षण केन्द्र चलाए जाने से निश्चित ही भटके बाल व युवामन को सही दिशा में लाया जा सकता है | हमारी नैतिकता को झकझोरती वर्तमान समाज-व्यवस्था में बच्चों के नवनिर्माण के लिए आमूलचूल परिवर्तन की यह अनिवार्य आवश्यकता है |

प्रश्न - **गणेश कौन है? क्या सर्वप्रथम उनकी पूजा होनी चाहिए?**

उत्तर - गण + ईश = गणेश | जो गणों का स्वामी है वही गणेश है। यह ईश्वर का एक नाम है। ईश्वर के नाम से ही प्रत्येक शुभ कार्य को करना चाहिए | साधक अपने ध्यान में जिस अविनाशी परब्रहं परमेश्वर की ओर

उन्मुख होता है, वही सच्चा गणेश है और सबको उसी एक गणेश की आराधना करनी चाहिए। वेद में कहा गया है कि **गणानां त्वा गणपतिं... गणपति भ्रानचते विश्वायते रूपायण**, वास्तव में गणेश उसको कहते हैं, जो गणैती हो। गणैती करने वाला हो, जो अयुक्त रहने वाला हो, जिसको न राग हो, न द्वेष हो, जिसकी घ्राण शक्ति अधिक हो, जो सब गंध व सुगंध को अपने में धारण करने वाला हो, उसको गणेभ्यो कहते हैं। परमात्मा सबसे बड़ा गणपति माना गया है। आर्ष ग्रंथों में कहा गया है कि **ज्ञानार्थवाचको गश्चणश्च निर्वाणवाचकः त्योरीशं परं ब्रह्मा गणेश प्रणमाम्यहम।**

अर्थात् ज्ञान निर्वाणवाचक गण के ईश्वर परंब्रह्मा हैं। पवित्र गणेश पुराण में लिखा है कि

ओ३मकार रूपी भगवान ये वेदादौ प्रतिष्ठित: | य सदा मुनयो देवा स्मरन्तीन्द्रादयो द्वदि ||

अर्थात गणपति ओंकार रूप ही है, इसी से सब कर्मो के आदि में उसकी पूजा होती है | मंत्र से सिद्ध होता है कि सृष्टि के आदिकाल से उनकी पूजा होती चली आ रही है, भगवान शंकर-माँ पार्वती के पुत्र गणेश के जन्म से पूर्व भी गणपति पूज्य थे | पार्वती-पुत्र गणेश को उनकी मातृ-पितृ भक्ति के कारण सर्वप्रथम पूज्य माना जाता है | पूजा चित्र की नहीं चरित्र की होती है अर्थात सर्वप्रथम अपने माता-पिता की पूजा (सेवा-सुश्रुसा) करने के बाद ही तुम सही अर्थो में परमात्मा की पूजा के अधिकारी हो सकते हो |

प्रश्न - **ईश्वर एक है या अनेक?**

उत्तर - ईश्वर एक है | यदि संसार में अनेक ईश्वर हो गये तो समस्या उत्पन्न कर देगे | आपस में लड़ाई हो जाएगी, मार-काट मच जाएगी, जैसे मुस्लिम धर्म वाले अल्लाह के नाम पर मार-काट मचा भी रहें है |

प्रश्न - **भगवान को हम अपना इष्ट कैसे बनाएँ?**

उत्तर - भगवान को इष्ट बनाने का एक ही तरीका है कि आप जीवन में निश्चय कीजिए कि आपको क्या बनना है? आपको ऊँचाई के पथ पर चलने के लिए क्या बनना है? आपको लोकहित करना है या आपको भगवान का भक्त बनना है? देवी- देवता परमात्मा की एक-एक विशेषता है, एक-एक लक्ष्य के प्रतिक है | यदि आपको उदात्त बनना हो और मानवता के सिद्धांतों से ओत-प्रोत होना हो तो परमात्मा से अच्छा इष्ट और क्या हो सकता है? गायत्री मन्त्र परमात्मा प्राप्ति का सर्वश्रेष्ठ मन्त्र है |

प्रश्न - **गायत्री मंत्र में ईश्वर की उपासना की गयी है अथवा सूर्य की? इस मन्त्र का अर्थ क्या है ?**

उत्तर - गायत्री मंत्र का प्रारम्भ ओम् से होता है | माण्डूक्योपनिषद् में ओंकार अर्थात् ओम् के महत्व तथा अर्थ दोनों पर प्रकाश डाला गया है | **ओम्** स्वयं में एक मंत्र है जिसे प्रणव भी कहते हैं | यह अ, उ, म् इन तीन अक्षरों को मिला कर बना है | अ से ब्रह्म का विराट रूप, उ से हिरण्यगर्भ या तैजस रूप, म् से ईश्वर या प्राज्ञ रूप का बोध होता है | यह ब्रह्माण्ड ही ब्रह्म का शरीर या विराट रूप है | अपनी लीला को पूर्ण रूप में व्यक्त करने के कारण वह विराट या विश्व या वैश्वानर कहलाता है | जो आप स्वयंप्रकाश और सूर्यादि लोकों का प्रकाश करने वाला है, इससे परमेश्वर का नाम हिरण्यगर्भ या तैजस है | जिसका अर्थ सत्य विचारशील ज्ञान और अनन्त ऐश्वर्य है, उससे उस परमात्मा का नाम ईश्वर है और सब चराचर जगत् के व्यवहार को यथावत् जानने के कारण वह ईश्वर ही प्राज्ञ कहलाता है |

गायत्री मंत्र का शेष भाग **'भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्'** यजुर्वेद के छत्तीसवें अध्याय से लिया गया है जिसमें सविता के साथ सूर्य की अलग से वन्दना है | सविता का मूल शब्द सवितृ है जिसका अर्थ सूर्य के साथ प्रेरक ईश्वर भी होता है | जैसे हरि का अर्थ बन्दर और ईश्वर होता है और सन्दर्भानुसार ही हम उसका अर्थ ग्रहण करते हैं | उसी प्रकार चूँकि यह मंत्र बुद्धि को प्रेरित करने की प्रार्थना करता है अतः सविता का अर्थ प्रेरित करने की क्षमता वाले ईश्वर से ही करना चाहिए | गायत्री मंत्र में भूः शब्द पदार्थ और ऊर्जा के अर्थ में, भुवः शब्द अन्तरिक्ष के अर्थ में तथा स्वः शब्द आत्मा के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है | शुद्ध स्वरूप और पवित्र करने वाला चेतन ब्रह्म स्वरूप ईश्वर को ही भर्ग कहा जाता है | इस प्रकार गायत्री मंत्र का अर्थ हुआ पदार्थ और ऊर्जा (भूः), अन्तरिक्ष (भुवः) और आत्मा (स्वः) में विचरण करने वाला सर्वशक्तिमान ईश्वर (ओम्) है | उस प्रेरक (सवितुः) पूज्यतम् (वरेण्यं) शुद्ध स्वरूप (भर्गः) देव का (देवस्य) हमारा मन अथवा हमारी बुद्धि धारण करे, (धीमहि) वह जगदीश्वर (यः) हमारी (नः) बुद्धि (धियः) को अच्छे कामों में प्रवृत्त करे (प्रचोदयात्) | इस प्रकार गायत्री मंत्र ब्रह्म के स्वरूप, ईश्वर की महिमा का वर्णन करते हुए प्रार्थना मंत्र का स्वरूप ले लेता है |

प्रश्न - **भगवान राम को प्रसन्न करना हो तो क्या करें?**

उत्तर - भगवान राम को प्रसन्न करना हो तो हनुमान जैसा बनना पडेगा | बल, पराक्रम, बुद्धि, ज्ञान और विनय की प्रतिमूर्ती महावीर हनुमान |

प्रश्न - **हनुमान जी तो बन्दर थे?**

उत्तर - महाबली हनुमान जी वानर = बन्दर नहीं थे | वे वेदों के बड़े विद्वान, बलवान, ब्रह्मचारी और तपस्वी भगवान थे | इसके कुछ प्रमाण हम यहाँ लिखते है- हनुमान जी की माता जी का नाम 'अंजनी' था, और पिता जी का नाम 'पवन' था, ये दोनों मनुष्य थे न कि बन्दर ! तो मनुष्यों के मनुष्य पैदा होते हैं या बन्दर ? यदि बन्दर पैदा नहीं होते, तो विचार करें, कि जब हनुमान जी के माता पिता मनुष्य थे, तो उनके पुत्र श्री हनुमान जी भी तो मनुष्य सिद्ध हुये | वाल्मीकि रामायण में श्री हनुमान जी की योग्यता लिखी है, कि वे ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद के विद्वान थे तथा संस्कृत व्याकरण शास्त्र में बहुत कुशल थे | सोचिये, क्या बन्दर ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद तथा संस्कृत व्याकरण पढ़ सकता है ? यदि नहीं, तो बताइये, श्री हनुमान जी बन्दर कैसे हुए ?

हनुमान चालीसा के प्रारंभ में चौथे/पांचवें वाक्य में लिखा है, कि " **काँधे मूंज जनेऊ साजे, हाथ बज्र और ध्वजा बिराजे** " अर्थात श्री हनुमान जी के कंधे पर मूंज की जनेऊ अर्थात यज्ञोपवीत सुशोभित होता है | उनके एक हाथ में वज्र (गदा) और दूसरे हाथ में ध्वज रहता है | अब सोचिये हनुमान चालीसा बहुत लोग पढ़ते हैं, फिर भी इस बात पर ध्यान नहीं देते, कि क्या बन्दर के कंधे पर मूंज की जनेऊ हो सकती है | क्या बन्दर के एक हाथ में गदा और दूसरे हाथ में ध्वज होता है | यदि नहीं, तो श्री हनुमान जी बन्दर कैसे हुए ? आपने रामायण धारावाहिक में बाली, सुग्रीव और उनकी पत्नियाँ तो देखी ही होंगी. उस धारावाहिक में बाली और सुग्रीव तो बन्दर दिखाए गए, परन्तु उनकी पत्नियाँ मनुष्यों वाली स्त्रियाँ दिखाई गई, यदि उनकी पत्नियाँ मनुष्य जाति की थी. तो उनके पति भी मनुष्य होने चाहिये | अर्थात बाली और सुग्रीव भी मनुष्य दिखने चाहिए थे. परन्तु वे दोनों बन्दर दिखाए गए.यदि वे बन्दर थे, तो सोचिये क्या मनुष्यों की स्त्रियों की शादी बंदरों के साथ होती है ? या आजकल भी कोई मनुष्य स्त्रियाँ बंदरों के साथ शादी करने को तैयार हैं ? यदि उनकी पत्नियाँ मनुष्य थीं, तो उनके पति= बाली और सुग्रीव भी मनुष्य ही सिद्ध हुए. और श्री हनुमान जी उनके महामंत्री थे. वे भी उसी जाति के थे. तो श्री हनुमान जी भी मनुष्य सिद्ध हुए.

मित्रों, हमारे धर्म-संस्कृति पर हजारों साल से आक्रमण किये जा रहे है, यहाँ नास्तिकों का व विदेशियों का शासन रह चुका है, उन्होंने हमारे सारे शास्त्र जलाये और उनमें मिलावट की ताकि हम अपना स्वाभिमान भूल जाये।

प्रश्न - **क्या हनुमान जी के पूँछ भी नहीं थी?**

उत्तर - प्राचीन काल में राजदूत पल्लेदार वस्त्र पहना करते थे, जिनकी कमर का हिस्सा जमीन पर कई मीटर तक घिरसता हुआ चलता था, लेकिन जिस भी देश में जाते थे, वह पल्ला उस देश के सेवक उठाकर रखते थे। यह सम्मान ब्रिटिश काल तक मिलता था। इसी पल्ले को राजदूत की पूंछ कहते थे और श्रीहनुमान जी सुग्रीव की ओर से राक्षस राज्यों के राजदूत पहले से ही नियुक्त थे। भगवान श्रीराम के मिलने से भी पहले से, इसलिए उन्हें माता सीता की खोज के लिए सबसे पहले भेजा गया लंका में और उनके राजदूत वाले लटकते कपडे ही उनकी पूंछ का सही रहस्य है | उनकी तो राजदूतों की सम्मान के साथ पूछ होती थी | भगवान श्रीराम के जीजा श्री श्रृंग ऋषि ने अपनी स्मृति में उन्हें राजदूत लिखा है, बंदर नहीं। श्रृंग ऋषि ही नहीं वाल्मीकि रामायण में भी हनुमान जी को यकीनन दूत ही लिखा है, देखिए प्रमाण:

वधं न कुर्वन्ति परावरज्ञाः दूतस्य सन्तो वसुधाधिपेन्द्राः

जब रावण के दरबार में विभीषण ने कहा कि दूत यानी राजदूत का वध नहीं हो सकता, तो रावण ने कहा कि ठीक है, इसके पूंछ यानी घिरसने वाले वस्त्र से सेवक हटा लिए जाएं यानी इसकी प्रतिष्ठा सम्मान अब हम नहीं करेंगे, और इस आभूषण को काट कर आग लगा दो।

दूतं किल लांगूलमिष्टंभवति भूषणम्
तदस्य दीप्यतां शीघ्रं तेन दग्धेन गच्छेतु।

अपमान से आहत हनुमान ने रावण के गोलाबारूद पर कब्जा किया और जमकर बमबारी की।
यकीनन वाल्मीकि रामायण में यही लिखा है कि हनुमान ने प्रहस्त के घर में अग्नि फेंकी, फिर महापार्श्व के घर में कूदे और वहां भी अग्नि फेंकी, यहां पूंछ से आग लगाना कतई नहीं लिखा। देखें प्रमाण:

अवप्लुत्य महावेगः प्रहस्तस्य निवेशनम् अग्नि तत्र स सनिक्षिथ श्वसनेन समो बली
ततोन्प्यत्पुप्लुवे वेशम वमहापार्श्वम वीर्यवान मुमोच हनुमाननग्निं कालानलशिखोपमम्

वाल्मीकि रामायण सुंदर कांड 691, 892

प्रश्न - **शिव कौन है?**

उत्तर - परमात्मा शिव अजन्मा हैं , अभोक्ता, ज्ञान के सागर है आनन्द के सागर है, प्रेम के सागर है, सुख के सागर है (Ocean of all virtues) ! उनका स्वरूप ज्योतिर्बिन्दु है ! शिव..... का अर्थ ही है " कल्याणकारी " ! परमात्मा शिव को सभी ग्रंथों , पुराणों और वेदों में सर्वोपरी ईश्वर माना गया हैं ! ब्रह्मा, विष्णु, महेश, दुर्गा आदि इसी की विभिन्न शक्तियों के नाम है |

प्रश्न - **शिवलिंग क्या है?**

उत्तर - शिवलिंग का अर्थ शिव का प्रतीक.... " शिवलिंग " शब्द में ' लिंग ' शब्द दो शब्दों से बना है, "लीन + गा (गति)" अर्थात, शिव में लीन होकर ही मनुष्य को गति प्राप्त होती है; यानी, शिव के निराकार स्वरूप में ध्यान- मग्न आत्मा सद्गति को प्राप्त होती है, उसे परब्रह्म की प्राप्ति होती है।
तात्पर्य यह है कि हमारी आत्मा का मिलन परमात्मा के साथ कराने का माध्यम-स्वरूप है, शिवलिंग | शून्य, आकाश, अनन्त, ब्रह्माण्ड और निराकार परमपुरुष का प्रतीक होने से इसे लिंग कहा गया है। वातावरण सहित घूमती पृथ्वी तथा सारे अनन्त ब्रह्माण्ड (क्योंकि, ब्रह्माण्ड गतिमान है) का अक्स/धुरी (axis) ही लिंग है। शिव लिंग का अर्थ अनन्त भी होता है अर्थात जिसका कोई अन्त नहीं है ना ही शुरुवात |

प्रश्न - **शिवलिंग साकार का प्रतिक है अथवा निराकार का?**

उत्तर - शिवलिंग साकार एवं निराकार ईश्वर का 'प्रतीक' मात्र है, जो परमात्मा - आत्म-लिंग का द्योतक है। शिवलिंग शाश्वत- आत्मा का स्वरूप है |

प्रश्न - **इसे थोड़ा विस्तार से समझाये?**

उत्तर - ब्रह्माण्ड में दो ही चीजे है : ऊर्जा और प्रदार्थ | हमारा शरीर प्रदार्थ से निर्मित है और आत्मा ऊर्जा है| इसी प्रकार शिव पदार्थ और शक्ति ऊर्जा का प्रतीक बन कर शिवलिंग कहलाते है | ब्रह्मांड में उपस्थित समस्त ठोस तथा उर्जा शिवलिंग में निहित है. वास्तव में शिवलिंग हमारे ब्रह्मांड की आकृति है. (The universe is a sign of Shiva Lingam.) शिवलिंग भगवान शिव और देवी शक्ति (पार्वती) का आदि-अनादी एकल रूप है तथा पुरुष और प्रकृति की समानता का प्रतिक भी अर्थात इस संसार में न केवल पुरुष का और न केवल प्रकृति (स्त्री) का वर्चस्व है अर्थात दोनों सामान है |

प्रश्न - **क्या शिवलिंग मनुष्य का जनेन्द्रिय नहीं है?**

उत्तर- शिवलिंग का अर्थ लिंग या योनी नहीं होता .. यथार्थ में ये भ्रान्ति भाषा के रूपांतरण, नास्तिकों, बौद्धों व पिशाचों द्वारा हमारे पुरातन धर्म ग्रंथों को नष्ट कर दिए जाने तथा मलेच्छों द्वारा इसकी कुव्याख्या से उत्पन्न हुआ है | जो लोग शिवलिंग पूजा की आलोचना करते है.. छोटे छोटे बच्चो को बताते है कि हिन्दू लोग लिंग और योनी की पूजा करते है.. मुर्खों को संस्कृत का ज्ञान नहीं होता है... और छोटे छोटे बच्चो को हिन्दुओ के प्रति घृणा पैदा करके उनको आतंकी बना देते है...

शिवलिंग अथवा सनातन धर्म के ज्ञान प्राप्ति हेतु पहले संस्कृत का ज्ञान लेना चाहिए..**संस्कृत भाषा में लिंग का अर्थ चिन्ह, प्रतीक होता है**... जबकी जनर्नेद्रीय (मानव अंग) को संस्कृत भाषा में (शिश्न) कहा जाता है.. पुरुषलिंग का अर्थ पुरुष का प्रतीक इसी प्रकार स्त्रीलिंग का अर्थ स्त्री का प्रतीक और नपुंसकलिंग का अर्थ है ... नपुंसक का प्रतीक |

ब्रह्मराजर्षिरत्नाढ्याम् वन्दे भारतमातरम् ॥३॥

रत्नों का भंडार, समुद्र जिसके चरण पखारता है, (पर्वतराज) हिमालय जिसका मुकुट है, ब्रह्मर्षि और राजर्षि जिसके प्रतिष्ठित पुत्र हैं, उस भारत माता को नमन ॥३॥

महेंद्रो मलयः सह्यो देवतात्मा हिमालयः
ध्येयो रैवतको विन्ध्यो गिरिश्चारावलिस्तथा ॥४॥

पवित्र पर्वत श्रेणियों: महेंद्र गिरि, मलय गिरि , सह्याद्रि, देव स्वरुप हिमालय, रैवतक, विन्ध्याचल और अरावली को हम सर्वदा ह्रदय में धारण करें ॥४॥

गंगा सरस्वती सिंधु ब्रह्मपुत्राश्च गण्डकी
कावेरी यमुना रेवा कृष्णा गोदा महानदी ॥५॥

पवित्र नदियों: गंगा, सरस्वती, सिंधु, ब्रह्मपुत्र, गण्डकी, कावेरी, यमुना, रेवा (नर्मदा), कृष्णा, गोदावरी और महानदी को हम सर्वदा ह्रदय में धारण करें ॥५॥

अयोध्या मथुरा माया काशी कांची अवंतिका
वैशाली द्वारका ध्येया पुरी तक्षशिला गया ॥६॥

पवित्र तीर्थ स्थलों: अयोध्या, मथुरा, माया, काशी, कांची, अवन्तिका, वैशाली, द्वारिका, पुरी, तक्षशिला, गया ॥६॥

प्रयागः पाटलीपुत्रं विजयानगरं महत्
इंद्रप्रस्थं सोमनाथस्तथामृतसरः प्रियम्॥७॥

प्रयाग, पाटलिपुत्र, विजयनगर, इंद्रप्रस्थ, सोमनाथ और प्रिय अमृतसर को हम सर्वदा हृदय में धारण करें ॥७॥

चतुर्वेदाः पुराणानि सर्वोपनिषदस्तथा
रामायणं भारतं च गीता षड्दर्शनानि च ॥८॥

श्रेष्ठ धार्मिक पुस्तकों: चार वेद, पुराणो, सभी उपनिषद, रामायण, महाभारत, गीता, छह दर्शन ॥८॥

सनातनऋतंभरा,सत्यार्थप्रकाश, गुरुग्रन्थः सतांगिरः
एष ज्ञाननिधिः श्रेष्ठः श्रद्धेयो हृदि सर्वदा॥९॥

सनातन धर्म का सत्यग्रन्थ सनातन ऋतंभरा, ज्ञान के भण्डार सत्यार्थ प्रकाश और संतों की वाणी गुरु ग्रंथ साहिब जैसे श्रेष्ठ, वन्दनीय ग्रंथों को हम सर्वदा हृदय में धारण करें ॥९॥

अरुन्धत्यनसूय च सावित्री जानकी सती
द्रौपदी कन्नगे गार्गी मीरा दुर्गावती तथा ॥१०॥

अरुंधती, अनुसूया, सावित्री, जानकी, सती, द्रौपदी, कण्णगी, गार्गी, मीरा, दुर्गावती॥१०॥

लक्ष्मी अहल्या चन्नम्मा रुद्रमाम्बा सुविक्रमा
निवेदिता सारदा च प्रणम्य मातृ देवताः ॥११॥

लक्ष्मीबाई, अहिल्या बाई होल्कर, कलेड़ी की चनम्मा और कित्तूर की चनम्मा, रुद्रमाम्बा, निवेदिता और शारदादेवी जैसी मातृ देवियों को प्रणाम है ॥११॥

श्री रामो भरतः कृष्णो भीष्मो धर्मस्तथार्जुनः
मार्कंडेयो हरिश्चन्द्र प्रह्लादो नारदो ध्रुवः ॥१२॥

श्रीराम, भरत, कृष्ण, भीष्म, धर्मराज युधिष्ठिर, अर्जुन, मार्कंडेय, सत्यवादी हरिश्चंद्र, प्रहलाद, नारद, ध्रुव ॥१२॥

हनुमान् जनको व्यासो वसिष्ठश्च शुको बलिः
दधीचि विश्वकर्माणौ पृथु वाल्मीकि भार्गवः ॥१३॥

हनुमान, जनक, व्यास, वशिष्ठ, शुकदेव, बलि, दधीचि, विश्वकर्मा, राजा पृथु, वाल्मीकि, भृगुवंशी परशुराम ॥१३॥

भगीरथश्चैकलव्यो मनुर्धन्वन्तरिस्तथा
शिबिश्च रन्तिदेवश्च पुराणोद्गीतकीर्तयः ॥१४॥

भगीरथ, एकलव्य, मनु, धनवंतरि और रंतिदेव, पुराणों में जिनकी महिमा का गुणगान किया गया है ॥१४॥

विद्यारण्य प्राणनाथ गोरक्षः पाणिनिश्च पतंजलिः
शंकरो मध्व निंबार्कौ श्री रामानुज वल्लभौ ॥१५॥

विद्यारण्य स्वामी, संत प्राणनाथ, महान योगी गोरखनाथ, पाणिनी (महान वैयाकरण), पातंजलि (योगसूत्र के लेखक), आदि शंकराचार्य (महान हिंदू दार्शनिक), मध्वाचार्य, निम्बार्काचार्य, श्रीरामानुज, वल्लभाचार्य॥१५॥

झूलेलालोथ चैतन्यः तिरुवल्लुवरस्तथा
नायन्मारालवाराश्च कंबश्च बसवेश्वरः ॥१६॥

झूलेलाल (सिंधी हिंदुओं के महान रक्षक), चैतन्य महाप्रभु, तिरुवल्लुवर, नयन्नार, अल्वर, कंबन (तमिल के रामायण कवि), बसवेश्वर ॥१६॥

देवलो रविदासश्च कबीरो गुरु नानकः
नरसी तुलसीदासो दशमेषो दृढव्रतः ॥१७॥

महर्षि देवल, संत रविदास, कबीर, गुरु नानक, भक्त नरसी मेहता, तुलसीदास, दृढनिश्चयी दशम गुरु गोविन्द सिंह ॥१७॥

श्रीमच्छङ्करदेवश्च बंधू सायन माधवौ
ज्ञानेश्वरस्तुकाराम रामदासः पुरन्दरः ॥१८॥

शंकरदेव (असम के वैष्णव संत), भाई सायण और माधवाचार्य , संत ज्ञानेश्वर, तुकाराम, समर्थ गुरु रामदास, पुरंदरदास॥१८॥

बिरसा सहजानन्दो रमानन्दस्तथा महान्
वितरन्तु सदैवैते दैवीं षड्गुणसंपदम् ॥१९॥

बिरसा (बिहार), स्वामी सहजानंद और स्वामी रामानंद (मध्ययुगीन काल में सनातन धर्म के रक्षक) ये महापुरुष हममें दैवी गुणों का प्रसार करें ॥१९॥

भरतर्षिः कालिदासः श्रीभोजो जकनस्तथा
सूरदासस्त्यागराजो रसखानश्च सत्कविः ॥२०॥

भरत मुनि (जड़भरत), कवि कालिदास, श्री भोजराज, जनक, भक्त सूरदास, भक्त त्यागराज, और सत्कवि रसखान ॥२०॥

रविवर्मा भातखंडे भाग्यचन्द्रः स भोपतिः
कलावंतश्च विख्याताः स्मरणीया निरंतरम् ॥२१॥

(प्रसिद्ध चित्रकार) रवि वर्मा , (महान संगीतकार) भातखंड और (मणिपुर के राजा) भाग्यचन्द्र जैसे कलाकार नित्य स्मरणीय हैं ॥२१॥

अगस्त्यः कंबु कौन्डिण्यौ राजेन्द्रश्चोल वंशजः
छत्रसालः पुश्य मित्रश्च खारवेलः सुनीतिमान् ॥२२॥

अगस्त्य, कम्बु, कौण्डिन्य, चोल वंश के राजा राजेंद्र, राजा छत्रसाल, पुष्यमित्र (शुंग राजवंश के संस्थापक), कलिंग के नीतिज्ञ राजा खारवेल॥२२॥

चाणक्य चन्द्रगुप्तौ च विक्रमः शालिवाहनः
समुद्रगुप्तः श्रीहर्षः शैलेंद्रो बप्परावलः ॥२३॥

चाणक्य और चंद्रगुप्त, विक्रमादित्य, शालिवाहन, समुद्रगुप्त, हर्षवर्धन, राजा शैलेंद्र, बप्पा रावल ॥२३॥

लाचिद्भास्कर वर्मा च यशोधर्मा च हूणजित्
श्रीकृष्णदेवरायश्च ललितादित्य उद्बलः ॥२४॥

लिच्छवी राजा भास्करवर्मा , हूणों के विजेता यशोधर्म, श्री कृष्णदेव राय (विजयनगर साम्राज्य के महान राजा), ललितादित्य (एक महान योद्धा) ॥२४॥

मुसुनूरिनायकौ तौ प्रतापः शिव भूपतिः
रणजितसिंह इत्येते वीरा विख्यात विक्रमाः ॥२५॥

मुसून अरि नायक (प्रोलय नायक, कप्पा नायक), महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, और महाराजा रणजीत सिंह आदि विख्यात वीर (हममें बल का संचार करें)॥२५॥

वैज्ञानिकाश्च कपिलः कणादः शुश्रुतस्तथा
चरको भास्कराचार्यो वराहमिहिर सुधीः ॥२६॥

वैज्ञानिकों में - कपिल, कणाद, सुश्रुत (महान सर्जन), चरक, भास्कराचार्य, बुद्धिमान वराहमिहिर ॥२६॥

नागार्जुन भरद्वाज आर्यभट्टो वसुर्बुधः
ध्येयो वेंकट रामश्च विज्ञा रामानुजायः ॥२७॥

नागार्जुन, भारद्वाज, आर्य भट, बुद्धिमान जगदीश चन्द्र बसु, सी वी रमन और रामानुजन ध्यायनीय हैं. ॥२७॥

रामकृष्णो दयानंदो बंकिमचन्द्रो मेधातिथिः
रामतीर्थोऽरविंदश्च विवेकानंद उद्यशः ॥२८॥

श्री रामकृष्ण परमहंस, स्वामी दयानंद, बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय, मेधातिथि, स्वामी रामतीर्थ, महर्षि अरविंद, स्वामी विवेकानंद जैसे कर्मयोगी॥२८॥

कूका वैरागी तिलको राजनारायण राद्दताः
रमणो मालवीयश्च श्री सुब्रमण्य भारती ॥२९॥

क्रान्तिकारी संत रामसिंह कूका, वीर बन्दा बैरागी, बाल गंगाधर तिलक, राजनारायण बोस जैसे समाज सुधारक, महर्षि रमण, महामना मदन मोहन मालवीय, तमिल कवि सुब्रह्मण्यम भारती ॥२९॥

गोकुलसिह: सुभाषः प्रणवानंदः विनायकः
महेन्द्रो बिरसाश्च वर्मा नाना नभगोपाल मित्रा: ॥३०॥

वीर गोकुल सिंह, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, स्वामी प्रणवानंद, महान क्रांतिकारी विनायक दामोदर सावरकर, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह, वीर बिरसा मुण्डा, श्यामजी कृष्ण वर्मा, पेशवा नाना साहेब, नभगोपाल मित्रा जैसे क्रांति का श्रीगणेश करने वाले ॥३०॥

फड़के बनर्जी केशवो माधवस्तथा
स्मरणीय सदैवैते नवचैतन्यदायकाः ॥३१॥

वासुदेव बलवन्त फड़के, सुरेन्द्र नाथ बनर्जी, डॉ. हेडगेवार और माधवसदाशिव गोलवलकर नवीन चेतना का संचार करने वाले एवं नित्य स्मरणीय हैं॥३१॥

अनुक्ता ये भक्ताः प्रभुचरण संसक्तहृदयाः
अविज्ञाता वीरा अधिसमरमुद्ध्वस्तरि पवः
समाजोद्धर्तारः सुहितकर विज्ञान निपुणाः
नमस्तेभ्यो भूयात्सकल सुजनेभ्यः प्रतिदिनम् ॥ ३२॥

भारत माता के चरणों से प्रेम करने वाले, युद्ध में मातृभूमि के लिए शत्रुओं के स्वप्नों को ध्वस्त करने वाले अज्ञात वीर, महान समाज सुधारकों और पर्यवेक्षण के माध्यम से समाज कल्याण करने वाले कुशल वैज्ञानिक एवं समस्त सज्जनों को नमस्कार है ॥ ३२॥

इदमेकात्मता स्तोत्रं श्रद्धया यः सदा पठेत्
स राष्ट्रधर्म निष्ठावानखंडं भारतं स्मरेत् ॥३३॥

जो इस एकात्मता स्त्रोत का नित्य श्रद्धा के साथ पाठ करता है वह राष्ट्रधर्म में निष्ठावान होकर अखंड भारत का स्मरण करता है ॥३३॥

जो बोले सो अभय सनातन धर्म की जय

|| समय के शब्दों में भागवद् गीता का सन्देश ||

करुक्षेत्र की रणभूमि में नारायण को सुनने के लिए मानो मैं भी रुक सा गया, मैं तो कभी ठहरता ही नहीं, आज मैं समय नहीं हूँ क्योकि मैं तो किसी के लिए ठहरता ही नहीं हूँ ! परंतु आज मैं किसी शिष्य की भाँती हाथ जोड़े रणभूमि करुक्षेत्र के मैदान में खड़ा हुआ नारायण की बाते सुन रहा हूँ !

अर्जुन तो मात्र माध्यम है भगवान कृष्ण तो बात मुझसे कर रहे है क्योकि मैं बीता हुआ कल भी हूँ आज भी हूँ और आने वाला कल भी हूँ, अर्जुन के प्रश्न केवल अर्जुन के नहीं थे वो प्रश्न पिछले युग में भी प्रासंगिक थे इस युग के लिए भी प्रासंगिक है और आने वाले युगों में भी प्रासंगिक रहेंगे जब तक मैं हूँ तब तक मानव जातियो को इन प्रश्नो का सामना करना पड़ता रहेगा इसलिए कोई ये न समझे की ये प्रश्न केवल द्रोण शिष्य अर्जुन ही कर रहा है उसके कंठ से मैं भी बोल रहा हूँ क्योकि हर दिन हर युग के लिए उसका अपना एक करुक्षेत्र होता है अतः हे मानव तू नारायण से अपने प्रश्नो के उत्तर सुन सदैव से तुझे करते चले आ रहे है कर्म करो तुम ज्ञान से श्रेष्ठ ज्ञान है कर्म, कर्मयोग ही धर्म है, धर्मयोग ही कर्म ! पाप के सागर को केवल ज्ञान की नौका ही पार कर सकती है ! तेरा कर्म ही तेरा धर्म है किन्तु यदि तेरा कर्म यदि तेरे हित के लिए है वो कर्म पाप की ओर ले जाने वाला कर्म है इसलिए अपने से मुक्त होकर समाज के कल्याण के लिए कर्म कर यही मोक्ष मार्ग है यदि समाज सुखी नहीं तो व्यक्ति भी सुखी नहीं रह सकता ! यदि समाज के आँखों में आँसू है तो तेरी आँख भी सुखी नहीं रह सकती ! यदि वृक्ष कट जाएंगे तो तुझे फल भी नहीं मिल सकता क्योकि फल और छाया देना वृक्ष का कर्तव्य है तू समाज का एक भाग है तू अपने को स्वामी मत समझ इसी में तेरा कल्याण है और ये ज्ञान श्रेष्ठ है और जिसको ये ज्ञान है उसका जीवन यज्ञ है !

ॐ गीता का सार ॐ

आज गीता सार के नाम से श्रीमदभगवद् गीता की शिक्षाओं को बेहद गलत ढंग से प्रसारित किया जा रहा है। क्या यह कहा जा सकता है कि जो कुछ पांचों पांडवों, द्रोपदी आदि के साथ हुआ, वह अच्छा हुआ। युद्ध

क्षेत्र में अर्जुन के मोह ग्रसित हो युद्ध न करने के विचार को अच्छा होना कह गीता के मूलभूत सिद्धान्तों का उपहास उड़ाना ही है। कुछ लोगों का इन शब्दों-जो हुआ अच्छा हुआ, जो होगा अच्छा होगा को सही साबित करना जीव की कर्म स्वतंत्रता को न मानना है, जबकि गीता में साफ लिखा है कि केवल कर्म करने का अधिकार ही कर्मवीर को है न कि कर्मफल पाने का। अब गीता की मुख्य शिक्षाओं को लिखा जाता है -

क्लैब्यं मा स्म गमः पार्थ नैतत्त्वय्युपपद्यते।
क्षुद्रं हृदयदौर्बल्यं त्यक्त्वोत्तिष्ठ परन्तप॥1॥ (गीता 2/3)

इसलिए हे अर्जुन! नपुंसकता को मत प्राप्त हो, तुझमें यह उचित नहीं जान पड़ती। हे परंतप! हृदय की तुच्छ दुर्बलता को त्यागकर युद्ध के लिए खड़ा हो जा॥1॥

देहिनोऽस्मिन्यथा देहे कौमारं यौवनं जरा।
तथा देहान्तरप्राप्तिर्धीरस्तत्र न मुह्यति॥2॥ (गीता 2/13)

जैसे जीवात्मा की इस देह में बालकपन, जवानी और वृद्धावस्था होती है, वैसे ही अन्य शरीर की प्राप्ति होती है, उस विषय में धीर पुरुष मोहित नहीं होता॥2॥

न जायते म्रियते वा कदाचिन्नायं भूत्वा भविता वा न भूयः।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे॥3॥ (गीता 2/20)

यह आत्मा किसी काल में भी न तो जन्मता है और न मरता ही है तथा न यह उत्पन्न होकर फिर होने वाला ही है क्योंकि यह अजन्मा, नित्य, सनातन और पुरातन है, शरीर के मारे जाने पर भी यह नहीं मारा जाता॥3॥

वासांसि जीर्णानि यथा विहाय नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि।
तथा शरीराणि विहाय जीर्णान्यन्यानि संयाति नवानि देही॥4॥ (गीता 2/22)

जैसे मनुष्य पुराने वस्त्रों को त्यागकर दूसरे नए वस्त्रों को ग्रहण करता है, वैसे ही जीवात्मा पुराने शरीरों को त्यागकर दूसरे नए शरीरों को प्राप्त होता है ॥4॥

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।

न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥5॥ (गीता 2/23)

इस आत्मा को शस्त्र नहीं काट सकते, इसको आग नहीं जला सकती, इसको जल नहीं गला सकता और वायु नहीं सुखा सकता॥5॥

सुखदुःखे समे कृत्वा लाभालाभौ जयाजयौ।

ततो युद्धाय युज्यस्व नैवं पापमवाप्स्यसि॥6॥ (गीता 2/38)

जय-पराजय, लाभ-हानि और सुख-दुख को समान समझकर, उसके बाद युद्ध के लिए तैयार हो जा, इस प्रकार युद्ध करने से तू पाप को नहीं प्राप्त होगा॥6॥

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।

मा कर्मफलहेतुर्भुर्मा ते संगोऽस्त्वकर्मणि॥7॥ (गीता 2/47)

तेरा कर्म करने में ही अधिकार है, उसके फलों में कभी नहीं। इसलिए तू कर्मों के फल हेतु मत हो तथा तेरी कर्म न करने में भी आसक्ति न हो॥7॥

योगस्थः कुरु कर्माणि संग त्यक्त्वा धनंजय।

सिद्धयसिद्धयोः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते॥8॥ (गीता 2/48)

हे धनंजय! तू आसक्ति को त्यागकर तथा सिद्धि और असिद्धि में समान बुद्धिवाला होकर योग में स्थित हुआ कर्तव्य कर्मों को कर, समत्व (जो कुछ भी कर्म किया जाए, उसके पूर्ण होने और न होने में तथा उसके फल में समभाव रहने का नाम 'समत्व' है।) ही योग कहलाता है॥8॥

यं हि न व्यथयन्त्येते पुरुषं पुरुषर्षभ।

समदुःखसुखं धीरं सोऽमृतत्वाय कल्पते॥9॥ (गीता 2/15)

क्योंकि हे पुरुषश्रेष्ठ! दुःख-सुख को समान समझने वाले जिस धीर पुरुष को ये इन्द्रिय और विषयों के संयोग व्याकुल नहीं करते, वह मोक्ष के योग्य होता है॥9॥

यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः।

स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते॥10॥ (गीता 3/21)

श्रेष्ठ पुरुष जो-जो आचरण करता है, अन्य पुरुष भी वैसा-वैसा ही आचरण करते हैं। वह जो कुछ प्रमाण कर देता है, समस्त मनुष्य-समुदाय उसी के अनुसार बरतने लग जाता है (यहाँ क्रिया में एकवचन है, परन्तु 'लोक' शब्द समुदायवाचक होने से भाषा में बहुवचन की क्रिया लिखी गई है॥10॥

योगयुक्तो विशुद्धात्मा विजितात्मा जितेन्द्रियः।

सर्वभूतात्मभूतात्मा कुर्वन्नपि न लिप्यते॥11॥ (गीता 5/7)

जिसका मन अपने वश में है, जो जितेन्द्रिय एवं विशुद्ध अन्तःकरण वाला है और सम्पूर्ण प्राणियों का आत्मरूप परमात्मा ही जिसका आत्मा है, ऐसा कर्मयोगी कर्म करता हुआ भी लिप्त नहीं होता॥11॥

न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते।

तत्स्वयं योगसंसिद्धः कालेनात्मनि विन्दति॥12॥ (गीता 4/38)

इस संसार में ज्ञान के समान पवित्र करने वाला निःसंदेह कुछ भी नहीं है। उस ज्ञान को कितने ही काल से कर्मयोग द्वारा शुद्धान्तःकरण हुआ मनुष्य अपने-आप ही आत्मा में पा लेता है॥12॥

श्रद्धावाँल्लभते ज्ञानं तत्परः संयतेन्द्रियः।

ज्ञानं लब्धवा परां शान्तिमचिरेणाधिगच्छति॥13॥ (गीता 4/39)

जितेन्द्रिय, साधनपरायण और श्रद्धावान मनुष्य ज्ञान को प्राप्त होता है तथा ज्ञान को प्राप्त होकर वह बिना विलम्ब के- तत्काल ही भगवत्प्राप्तिरूप परम शान्ति को प्राप्त हो जाता है॥13॥

यस्य नाहङ्कृतो भावो बुद्धिर्यस्य न लिप्यते।

हत्वापि स इमाँल्लोकान्न हन्ति न निबध्यते॥14॥ (गीता 18/17)

जिस पुरुष के अन्तःकरण में 'मैं कर्ता हूँ' ऐसा भाव नहीं है तथा जिसकी बुद्धि सांसारिक पदार्थों में और कर्मों में लिपायमान नहीं होती, वह पुरुष इन सब लोकों को मारकर भी वास्तव में न तो मरता है और न

पाप से बँधता है। (जैसे अग्नि, वायु और जल द्वारा प्रारब्धवश किसी प्राणी की हिंसा होती देखने में आए तो भी वह वास्तव में हिंसा नहीं है, वैसे ही जिस पुरुष का देह में अभिमान नहीं है और स्वार्थरहित केवल संसार के हित के लिए ही जिसकी सम्पूर्ण क्रियाएँ होती हैं, उस पुरुष के शरीर और इन्द्रियों द्वारा यदि किसी प्राणी की हिंसा होती हुई लोकदृष्टि में देखी जाए, तो भी वह वास्तव में हिंसा नहीं है क्योंकि आसक्ति, स्वार्थ और अहंकार के न होने से किसी प्राणी की हिंसा हो ही नहीं सकती तथा बिना कर्तृत्वाभिमान के किया हुआ कर्म वास्तव में अकर्म ही है, इसलिए वह पुरुष 'पाप से नहीं बँधता'।)॥14॥

श्रेयान्स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वनुष्ठितात्।
स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः॥15॥ (गीता 3/35)

अच्छी प्रकार आचरण में लाए हुए दूसरे के धर्म से गुण रहित भी अपना धर्म अति उत्तम है। अपने धर्म में तो मरना भी कल्याणकारक है और दूसरे का धर्म भय को देने वाला है॥15॥

उद्धरेदात्मनाऽत्मानं नात्मानमवसादयेत्।
आत्मैव ह्यात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः॥16॥ (गीता 6/5)

अपने द्वारा अपना संसार-समुद्र से उद्धार करे और अपने को अधोगति में न डाले क्योंकि यह मनुष्य आप ही तो अपना मित्र है और आप ही अपना शत्रु है॥16॥

बन्धुरात्मात्मनस्तस्य येनात्मैवात्मना जितः।
अनात्मनस्तु शत्रुत्वे वर्तेतात्मैव शत्रुवत्॥17॥ (गीता 6/6)

जिस जीवात्मा द्वारा मन और इन्द्रियों सहित शरीर जीता हुआ है, उस जीवात्मा का तो वह आप ही मित्र है और जिसके द्वारा मन तथा इन्द्रियों सहित शरीर नहीं जीता गया है, उसके लिए वह आप ही शत्रु के सदृश शत्रुता में बर्तता है॥17॥

युक्ताहारविहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु।
युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखहा॥18॥ (गीता 6/17)

दुःखों का नाश करने वाला योग तो यथायोग्य आहार-विहार करने वाले का, कर्मों में यथायोग्य चेष्टा करने वाले का और यथायोग्य सोने तथा जागने वाले का ही सिद्ध होता है॥18॥

यत्करोषि यदश्नासि यज्जुहोषि ददासि यत्।
यत्तपस्यसि कौन्तेय तत्कुरुष्व मदर्पणम्॥19॥ (गीता 9/27)

हे अर्जुन! तू जो कर्म करता है, जो खाता है, जो हवन करता है, जो दान देता है और जो तप करता है, वह सब मेरे अर्पण कर॥19॥

यस्मान्नोद्विजते लोको लोकान्नोद्विजते च यः।
हर्षामर्षभयोद्वेगैर्मुक्तो यः स च मे प्रियः॥20॥ (गीता 12/15)

जिससे कोई भी जीव उद्वेग को प्राप्त नहीं होता और जो स्वयं भी किसी जीव से उद्वेग को प्राप्त नहीं होता तथा जो हर्ष, अमर्ष (दूसरे की उन्नति को देखकर संताप होने का नाम 'अमर्ष' है), भय और उद्वेगादि से रहित है- वह भक्त मुझको प्रिय है॥20॥

त्रिविधं नरकस्येदं द्वारं नाशनमात्मनः।
कामः क्रोधस्तथा लोभस्तस्मादेतत्त्रयं त्यजेत्॥21॥ (गीता 16/21)

काम, क्रोध तथा लोभ- ये तीन प्रकार के नरक के द्वार (सर्व अनर्थों के मूल और नरक की प्राप्ति में हेतु होने से यहाँ काम, क्रोध और लोभ को 'नरक के द्वार' कहा है) आत्मा का नाश करने वाले अर्थात् उसको अधोगति में ले जाने वाले हैं। अतएव इन तीनों को त्याग देना चाहिए॥21॥

ममैवांशो जीवलोके जीवभूतः सनातनः।
मनः षष्ठानीन्द्रियाणि प्रकृतिस्थानि कर्षति॥22॥ (गीता 15/7)

इस देह में यह जीवात्मा मेरा ही सनातन अंश है (जैसे विभागरहित स्थित हुआ भी महाकाश घटों में पृथक-पृथक की भाँति प्रतीत होता है, वैसे ही सब भूतों में एकीरूप से स्थित हुआ भी परमात्मा पृथक-पृथक की भाँति प्रतीत होता है, इसी से देह में स्थित जीवात्मा को भगवान ने अपना 'सनातन अंश' कहा है) और वही इन प्रकृति में स्थित मन और पाँचों इन्द्रियों को आकर्षित करता है॥22॥

ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म व्याहरन्मामनुस्मरन्।

यः प्रयाति त्यजन्देहं स याति परमां गतिम्॥23॥ (गीता 8/13)

ॐ इस एक अक्षर रूप ब्रह्म को उच्चारण करता हुआ और उसके अर्थस्वरूप मुझ निर्गुण ब्रह्म का चिंतन करता हुआ शरीर को त्यागकर जाता है, वह पुरुष परम गति को प्राप्त होता है॥23॥

यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्र पार्थो धनुर्धरः।

तत्र श्रीर्विजयो भूतिर्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम॥24॥ (गीता 18/78)

हे राजन! जहाँ योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण हैं और जहाँ गाण्डीव-धनुषधारी अर्जुन है, वहीं पर श्री, विजय, विभूति और अचल नीति है- ऐसा मेरा मत है॥

स्वस्थ रहने के स्वर्णिम सूत्र

1. सदा ब्रह्ममुहूर्त में उठना चाहिए। (गर्मियों में 4-5 बजे व सर्दियों में 5-6 बजे) इस समय प्रकृति मुक्तहस्त से स्वास्थ्य, प्राणवायु, प्रसन्नता, मेघा, बुद्धि की वर्षा करती है।

2. नींद खुलते ही बिस्तर पर बैठे- बैठे आठ बार गायत्री मन्त्र का जप करें अथवा निम्नलिखित प्रार्थना करें

ॐ तेजोऽसि तेजो मयि धेहि |

हे परमात्मा ! आप तेजरूप हैं, हमें तेज (आत्मिक शक्ति) से संपन्न बनाइए |

ॐ वीर्यमसि वीर्यं मयि धेहि |

हे परमात्मा ! आप वीर्यवान हैं, हमें पराक्रमी – साहसी बनाइए |

ॐ बलमसि बलं मयि धेहि |

हे परमात्मा ! आप बलवान हैं, हमें बलशाली बनाइए |

ॐ ओजोऽस्योजो मयि धेहि |

हे परमात्मा ! आप ओजवान हैं, हमें ओजस्वी (शारीरिक बल और आभायुक्त) बनाइए |

ॐ मन्युरसि मन्युं मयि धेहि |

हे परमात्मा ! आप मन्यु रूप (अनीति अत्याचार के प्रति क्रोध करने वाले) हैं, हमें भी अनीति का प्रतिरोध करने की क्षमता दीजिए |

ॐ सहोसि सहो मयि धेहि ||

हे परमात्मा ! आप कठिनाईयों को सहन करने वाले हैं | हमें भी कठिनाइयों में अडिग रहने की, उन पर विजय पाने की शक्ति दीजिए |

3. बिस्तर से उठते ही मूत्र त्याग के पश्चात उषा पान अर्थात बासी मुँह 2-3 गिलास जल के सेवन की आदत डाले, इससे सिरदर्द, अम्लपित्त, कब्ज, मोटापा, रक्तचाप, नैत्र रोग, अपच सहित कई रोगों से हमारा बचाव होता है।

4. स्नान सदा सामान्य शीतल जल से करना चाहिए। (जहाँ निषेध न हो) स्नान के समय सर्वप्रथम जल सिर पर डालना चाहिए, ऐसा करने से मस्तिष्क की गर्मी पैरों से निकल जाती है। जो विवाहित है वे पहले अपने दाये कंधे पर जल डाले, इससे उनका हृदय सही रहेगा |

5. दिन में 2 बार मुँह में जल भरकर, नेत्रों को शीतल जल से धोना नेत्र दृष्टि के लिए लाभकारी है।

6. नहाने से पूर्व, सोने से पूर्व एवं भोजन के पश्चात् मूत्र त्याग अवश्य करना चाहिए। यह आदत आपको कमर दर्द, पथरी तथा मूत्र सम्बन्धी बीमारियों से बचाती है।

7. सरसों, तिल या अन्य औषधीय तेल की मालिश नित्यप्रति करने से वात विकार, बुढ़ापा, थकावट नहीं होती है। त्वचा सुन्दर , दृष्टि स्वच्छ एवं शरीर पुष्ट होता है।

8. शरीर की क्षमतानुसार प्रातः भ्रमण, योग, व्यायाम करना चाहिए।

9. अपच, कब्ज, अजीर्ण, मोटापा जैसी बीमारियों से बचने के लिए भोजन के 30 मिनट पहले तथा 1 घण्टे बाद तक जल नहीं पीना चाहिए। भोजन के साथ जल नहीं पीना चाहिए। घूँट-दो घूँट ले सकते हैं।

10. दिनभर में 3-4 लीटर जल थोड़ा-थोड़ा करके पीते रहना चाहिए।

11. भोजन के प्रारम्भ में मधुर-रस, मध्य में अम्ल, लवण रस (खट्टा, नमकीन) तथा अन्त में कटु, तिक्त, कषाय (तीखा, चटपटा, कसेला) रस के पदार्थों का सेवन करना चाहिए। भोजन करने के पश्चात गुड़ खाना चाहिये ।

12. भोजन के उपरान्त वज्रासन में 5-10 मिनट बैठना तथा बांयी करवट 5-10 मिनट लेटना चाहिए।

13. भोजन के तुरन्त बाद दौड़ना, तैरना, नहाना, मैथुन करना स्वास्थ्य के बहुत हानिकारक है।

14. भोजन करके तत्काल सो जाने से पाचनशक्ति का नाश हो जाता है जिसमें अजीर्ण, कब्ज, अम्लपित्त जैसी व्याधियाँ हो जाती है। इसलिए सायं का भोजन सोने से 2 घन्टे पूर्व हल्का एवं सुपाच्य करना चाहिए।

15. शरीर एवं मन को तरोताजा एवं क्रियाशील रखने के लिए औसतन 7-8 घन्टे की नींद आवश्यक है।

16. गर्मी के अलावा अन्य ऋतुओं में दिन में सोने एवं रात्री में अधिक देर तक जागने से शरीर में भारीपन, ज्वर, जुकाम, सिर दर्द एवं अग्निमांध होता है।

17. दूध के साथ दही, नीबू, नमक, तिल उड़द, जामुन, मूली, करेला आदि का सेवन नहीं करना चाहिए। त्वचा रोग होने की सम्भावना रहती है।

18. स्वास्थ्य चाहने वाले व्यक्ति को मूत्र, मल, शुक्र, अपानवायु, वमन, छींक, डकार, जंभाई, प्यास, आँसू, नींद और परिश्रमजन्य श्वास के वेगों को उत्पन्न होने के साथ ही शरीर से बाहर निकाल देना चाहिए।

19. रात्री में सोने से पूर्व दाँतों की सफाई, नैत्रों की सफाई एवं पैरों को जल से धोकर सोना चाहिए।

20. रात्रि में शयन से पूर्व अपने किये गये कार्यों की समीक्षा कर अगले दिन की कार्य योजना बनानी चाहिए। तत्पश्चात् गहरी एवं लम्बी सहज श्वास लेकर शरीर को एवं मन को शिथिल करते हुए सात बार गायत्री मन्त्र जप करना चाहिए। शान्त मन से अपने दैनिक क्रियाकलाप, तनाव, चिन्ता, विचार सब परमात्म चेतना को सौंपकर निश्चिंत भाव से निद्रा की गोद में जाना चाहिए।

सनातन संस्कृति संघ(ट्रस्ट)

भारत, सनातन धर्म- संस्कृति व स्वदेशी के प्रचार- प्रसार के लिए कार्यरत संगठन

सनातन संस्कृति संघ ट्रस्ट का उद्देश्य भारत में गौशालाओं एवं गुरुकुलो की स्थापना करना है।

https://www.bharatswabhimandal.blogspot.com

सनातन संस्कृति संघ परिचय

सनातन संस्कृति संघ एक गैर सरकारी, सामाजिक, आध्यात्मिक ट्रस्ट हैं। इसका मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आध्यात्मिक मूल्यों के आधार पर भारत व सनातन संस्कृति की रक्षा व सम्वर्धन करना।

भारतीयों का नैतिक व चारित्रिक उत्थान करते हुए देश की समस्त भ्रष्ट व्यवस्थाओं, गलत नीतियों, साम्प्रदायिक असमानता व भ्रष्टाचार को मिटाकर बेरोजगारी, गरीबी, भूख, अभाव व अशिक्षा से मुक्त स्वस्थ, समृद्ध, शक्तिशाली एवं संस्कारवान भारत का पुनर्निर्माण करना।

संसार के जन कल्याणार्थ मानवीय, नैतिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक तथा आध्यात्मिक मूल्यों को निजी, व्यवसायिक तथा सार्वजनिक जीवन में बढ़ावा देना। गौशालाओं एवं गुरूकुलों की स्थापना व संचालन करना।

यह संस्था जिन क्षेत्रों में शिक्षायें एवं प्रशिक्षण दे रही है, वे हैं- धर्मतंत्र जागरण, राष्ट्र जागरण, स्वदेशी स्वाभिमान, मूल्यनिष्ठ शिक्षा, चरित्र निर्माण, योग प्रशिक्षण, आपदा प्रबंधन, विश्व बंधुत्व, सम्पूर्ण स्वास्थ्य, गौवंश एवं ग्राम आधारित अर्थतंत्र की व्यवस्था, पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागृति, व्यक्तित्व विकास, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक पुनर्निर्माण, नशीले पदार्थो से मुक्ति, अंधविश्वास एवं कुप्रथा निवारण, सकारात्मक चिंतन, वैज्ञानिक- आध्यात्मिक अनुभूति तथा जीने की कला।

सनातन संस्कृति संघ से हम क्यों जुड़े...?

अपने लिए

अपने देश के लिए

अपने गौरवशाली इतिहास के लिए

भविष्य को स्वर्णिम बनाने के लिए

नया इतिहास लिखने के लिए

जिसपे आने वाली पीढियां गर्व कर सके

भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने के लिए

अपनी गर्वीली शान के लिए

सर उठाकर जीने के लिए

अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने के लिए

सनातन संस्कृति के लिए

गौमाता के सम्मान के लिए

ऋषियों के ज्ञान के लिए

हुतात्माओं के बलिदान के लिए

मातृभूमि की शान के लिए

हमने एक कदम आपकी और बढ़ाया है

आप भी चलिए हमारे साथ जिससे वर्तमान को सुखद

बनाते हुए सुनहरे भविष्य की नींव मजबूत कर सके

संगठन में शक्ति है। सनातन संस्कृति संघ से जुड़ कर देश एवं सनातन संस्कृति के कार्यो को गति प्रदान करे | भारत व सनातन संस्कृति के लिए जियें, खुद जुड़े दूसरे लोगो को भी जोड़ें, सनातन संस्कृति संघ आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करता है |

सनातन संस्कृति संघ (ट्रस्ट) को अंशदान देने अथवा सदस्य बनने के इच्छुक दानदाता पंजाब नेशनल बैंक की स्थानीय सी0बी0एस0 शाखा में पहुंचकर खाता संख्या

A/C no :- 4579002100002930

IFSC - PUNB 0457900

Branch Code 457900

में अपना अंशदान जमा कर सकते है |

<> खाते में धन जमा करवाते समय खाते का नाम एवं शाखा का स्थान (**सनातन संस्कृति संघ, पंजाब नैशनल बैंक, करावल नगर, दिल्ली**) अवश्य जाँच कर ले |

अधिक जानकारी हेतु हमसे **08126396457** पर सम्पर्क कर सकते है |

रजि. कार्यालय:- म. नं. 60, गली नं. 1- ए, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, करावल नगर, दिल्ली- 110094

http://www.sanatansanskritisangh.blogspot.com

E-mail:- sanatansanskritisangh@gmail.com

Mobile:- 08126396457, 8535004500, 9917648983

|| जो बोले सो अभय सनातन धर्म की जय ||

भारत स्वाभिमान दल

स्वस्थ, समृद्ध, शक्तिशाली एवं संस्कारवान

भारत का पुनर्निर्माण

भारत स्वाभिमान दल क्या है

भारतवर्ष एक ऐसा देश है जो कभी सोने का शेर था।

हर व्यक्ति आनन्दित, हर परिवार संपन्न, सबके पास अपने काम और सब कामो में व्यस्त,

सर्वोच्च स्तर का चरित्र, बौद्धिक स्तर पर भारत का कोई मुकाबला नहीं था, उच्च स्तरीय गुरुकुल शिक्षा पद्धति, आयुर्वेदिक और शल्य चिकित्सा, तकनीकि विज्ञान और खोज में सबसे आगे, सबसे पहले अंतरिक्ष विज्ञान का ज्ञाता, संस्कार और परम्परा में पूरे विश्व का गुरु और सिरमौर कहलाने वाला भारतवर्ष आज वासना, नशा, भ्रष्टाचार और व्याभिचार और आलस्य में डूबा हुआ है।

हर तरफ चोरी, दुश्मनी, हत्या, बलात्कार, धरना प्रदर्शन, मुफ्तखोरी, दलाली, घूसखोरी और अपराध अपने चरम पर है।

कोई संतुष्ट नहीं, सबके अंदर असुरक्षा की भावना घर कर चुकी है, कुछ भी निश्चित नहीं लगता।

जो समाज का नेतृत्व करते है, जिनके इशारे मात्र पर कुछ बदल सकता है, वो स्वाभिमान जागरण, विकास और राष्ट्रीय एकता के स्थान पर, विनाश और साम्प्रदायिक तुष्टिकरण कर विखण्डन की बात करते है, अपने राजनैतिक हित के लिए हमेशा धर्म के आधार पर भेदभाव करते है, जाती और सम्प्रदाय की बातो में उलझाकर, उकसाकर लड़वाया करते है, और वोट की राजनीति करते है, उनके लिए हम वोट बैंक के अलावा और कुछ नहीं।

जो विकास और जानकारी के स्रोत है, जो जन जन तक जानकारी पहुचाने के माध्यम है, वो अश्लीलता परोसकर विदेशी कम्पनियो का व्यापार बढ़ाकर, कमीशन के रूप में पैसा बटोर रहे है, भारत के नागरिकों को संविधानिक रूप से साम्प्रदायिक आधार पर बांटने वाले कानून लागू कर दिये गये है।

जिनके हाथ में देश का भविष्य है, जो पीढ़ियों का निर्माण करते है, जो अपने द्वारा बच्चों को चरित्र, व्यवहार, सामाजिक और भविष्य निर्माण की कला सिखाते है, उनको कानूनों में बांधकर अपंग बना दिया, और थोप दी विदेशी शिक्षा व्यवस्था।

आज सब व्यवस्थाओं में घुन लग गया है, न कुछ स्पष्ट है और न ही सापेक्ष, अपनी मूल प्रकृति को भूलकर दूसरो की व्यवस्था और गंदे संस्कारो से प्रभावित होकर हम विनाश की अंधी दौड़ में शामिल हो गए है जिसका अंजाम शायद एक दिन सीरिया जैसा हो सकता है।

क्या आप चाहते हो कि आप के बच्चे जिन्हें आप अपनी जान से ज्यादा प्यार करते हो, ऐसे माहौल में जिए, ऐसी व्यवस्थाये विनाशकारी है इनको बदलना होगा।

ऐसे में देश के कुछ युवाओ और बुद्धिजीवी लोगो ने मिलकर **श्री विश्वजीत सिंह अनंत जी** के नेतृत्व में अपने देश के स्वर्णिम इतिहास का अध्ययन कर क्रांतिकारी, योगियो और संतो के जीवन से प्रेरणा लेकर "**भारत स्वाभिमान दल**" संगठन की स्थापना की है, और उन सिद्धांतो पर कार्य करने का निर्णय लिया जिन पर चलकर यह देश खुशहाल, संपन्न, शक्तिशाली, संस्कारवान और विश्वगुरु था। आइये मिलकर संस्कारित, खुशहाल, समृद्ध, दिव्य और तेजस्वी भारत का निर्माण करे। **सम्पूर्ण व्यवस्था परिवर्तन के लिए संगठित होना अति आवश्यक है।**

भारत स्वाभिमान दल देश के हर उम्र के विचारशील, प्रगतिशील और राष्ट्रभक्तों का इस महान कार्य में सहयोग के लिए आवाहन करता है।

भारत स्वाभिमान दल के सदस्य बनकर सम्पूर्ण व्यवस्था परिवर्तन के इस आन्दोलन में अपनी सक्रीय भूमिका का निर्वहन करें |

भारत स्वाभिमान दल से क्यों जुड़े....

प्रिय साथियों, भारत स्वाभिमान दल से जुड़ने का आपका निर्णय स्वागत योग्य है, और यह निर्णय साथ ही साथ आपकी राष्ट्र भक्ति को सुनिश्चित करता है, आप सही दिशा में होने वाले बदलाव के समर्थक है। आपके मन में भारत की दशा और दिशा को लेकर आने वाली पीढ़ी के भविष्य की चिंता है, आप एक स्वस्थ, समृद्ध, शक्तिशाली, स्वावलंबी और संस्कारवान भारत की कल्पना करते है। पर बदलाव की प्रक्रिया स्वयं से शुरू होकर समाज और देश तक पहुचती है। तो आइये अपने जीवन में बिना किसी और के सहयोग के, छोटे छोटे ऐसे बदलाव करे जिनको आसानी से किया जा सकता है। और जिन पर देश की आर्थिक और सामाजिक व्यवस्था निर्भर करती है।

जिस भारत की कल्पना विश्वविजेता सम्राट विक्रमादित्य, अखण्ड भारत के सृजनकर्ता आचार्य चाणक्य, मेवाड़ केशरी महाराणा प्रताप, वीर हकीकत राय, हांडा रानी, हिन्दुत्व रक्षक छत्रपति शिवाजी, धर्मवीर सुहेल देव, धर्मरक्षक वीर गोकुल सिंह, गुरू गोविन्द सिंह, महर्षि दयानन्द सरस्वती, स्वामी विवेकानन्द,

आदि शंकराचार्य, गुरू रविदास, संत प्राणनाथ, क्रांतिधर्मी बिरसा मुण्डा, देवी अहिल्याबाई, वीर सावरकर, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, राम प्रसाद बिस्मिल, भगत सिंह, रानी लक्ष्मीबाई, रानी चेनन्मा, महर्षि अरविन्द घोष, चंद्रशेखर आजाद और अन्य सभी क्रान्तिकारियो ने की थी, हम सब वैसा भारत चाहते है।

विदेशी मुसलमान व अंग्रेज भारत से वापस जाए ये सभी का लक्ष्य था, लेकिन यह अंतिम लक्ष्य नहीं था, यहां से बदलाव की सुरुआत होनी थी, केवल यही बदलाव है ऐसा बिलकुल नहीं था। यह देश अपनी मूल प्रकृति में आ जाए, हर क्रांतिकारी स्वदेशी के आधार पर इस देश को फिर से खड़ा करना चाहता था। हमने बदलाव का पथ चुना है स्वयं स्वदेशी के पथ पर चलकर समाज और देश को बदलने का निर्णय लिया है।

जिसकी सुरुआत स्वयं से करे, फिर समाज और देश से सहयोग की आशा करें, ऐसे बदलाव जिनको हम स्वयं आसानी से कर सकते है

{1} जिन देशभक्तों के महान आदर्श और अद्भुद ज्ञान से प्रेरित होकर, हिन्दुस्थान के अंदर हजारो हजार संगठन एक दिशा में एक ही लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ रहे है, ऐसे महान क्रांतिकारीयों बलिदानियों के विषय में हर संभव जानकारी लेने का प्रयास करे।

{2} देशभक्त क्रान्तिकारियों व संतों की बहुत सी ऑडीओ और वीडियो है, जिनमें भारत की सारी समस्याओ का समाधान है, उनका संग्रहण कर, प्रतिदिन कम से कम 1 जरूर सुने।

{3} सुबह, दोपहर व सायं गायत्री मन्त्र का न्यूनतम आठ- आठ बार जप अवश्य करें, रविवार को सामूहिक धर्म साधना में सम्मलित हो, जहाँ पर सामूहिक धर्म साधना का कार्यक्रम न होता हो वहाँ सामूहिक धर्म साधना कार्यक्रम की शुरूआत करें, साधना विधि 08126396457 पर व्हाट्सएप्प या हाइक सन्देश कर प्राप्त कर सकते है |

{4} अपने घर में सुबह से शाम तक प्रयोग होने वाले सभी सामानों की सूची बनाकर स्वयं से जाँच करे, सामान स्वदेशी है या विदेशी।

{5} पहले दिन पेस्ट बदले दूसरे दिन साबुन इस प्रकार 1 के बाद 1 सामान धीरे-2 बदलते जाएँ।

{6} स्वदेशी वस्त्रों का जीवन में प्रयोग करे जो आपको एक सकारात्मक ऊर्जा देंगे।

{7} अपने जूते चप्पल स्वदेशी ही कंपनी के पहने।

{8} आप का sim नेटवर्क तुरंत स्वदेशी में बदले यदि सिग्नल की समस्या न हो तो।

{9} अपना मोबाइल स्वदेशी हो, हालांकि 100% भारतीय अभी नही है, फिर भी जो उपलब्ध है उन्हें ले।

{10} बाज़ार से कोई भी सामान खरीदते समय स्वदेशी विदेशी का ध्यान रखे।

{11} बोलचाल और लिखने में अपनी क्षेत्रीय भाषा, संस्कृत या हिंदी का प्रयोग करे।

{12} यदि आपको स्वदेशी और विदेशी का निर्धारण करने में समस्या आ रही हो तो भारत स्वाभिमान दल की वेबसाइट देखें, वहाँ आपको स्वदेशी विदेशी वस्तुओं की सूची मिल जायेगी।

{13} जातिवाद को बिल्कुल त्याग दें और सामाजिक समरसत्ता का माहौल निर्मित करें |

{14} सभी पार्टीयों, संगठनों के जनप्रतिनिधियों से सभी भारतीयों के लिए एक समान कानून समान नागरिक संहिता तत्काल लागू कराने की मांग करें, मांग न मानने वाले जनप्रतिनिधियों का बहिष्कार करें |

{15} हमारा आचरण और व्यवहार ही हमें व्यक्तिगत पहचान देता है, इसमें कभी भी चूक न करे।
ये सब कार्य आप निरंतर करेंगे तो स्वदेशी का स्वाभिमान आपके भीतर बहुत प्रबलता से संचारित होने लगेगा क्योंकि बदलाव एक अनवरत प्रक्रिया है जो कभी रूकती नहीं, हमें अपनी व्यवहार में बदलाव लाना है,और मनुष्य का व्यवहार बदलना पानी की बूँद-2 टपकाकर पत्थर में छेद करने जैसा है, हमने पत्थर को दबाव देकर तोड़ना नहीं है छेद करना है। यह सब बदलाव आपको आनंद और राष्ट्रवाद की अनुभूति देंगे। एक सकारात्मक और रोमांचकारी बदलाव से आप अपने जीवन में पहले से ज्यादा दिव्यता अनुभव करेंगे।

आशा है आप अपने जीवन में बदलाव की ये सुरुआत कर भारतवर्ष को आर्थिक और सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सुदृढ़ बनाने के इस आंदोलन में एक क्रांतिकारी की भूमिका निभाएंगे।

वर्तमान व्यवस्था भ्रष्ट है परन्तु इसमें देशभक्त, ईमानदार व चरित्रवान लोग भी है, हम उनका हृदय से सम्मान करते है और आवाहन करते है कि वे व्यवस्था परिवर्तन के इस आन्दोलन में तन-मन-धन से सहयोग करने के लिए पहल करें, संगठन से जुड़ें । भारत स्वाभिमान दल आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करता है |

सम्पूर्ण व्यवस्था परिवर्तन के लिए भारत स्वाभिमान दल की ग्यारह सूत्री कार्य योजना:-

1. वर्तमान में चल रही समस्त गलत नीतियों व भ्रष्ट व्यवस्थाओं का राष्ट्र हित में पूर्ण परिवर्तन कराना। भ्रष्टाचार, बलात्कार, दहेज हत्या, गौहत्या, आतंकवाद व मिलावट करने वालों के विरूद्ध मृत्युदण्ड का कानून बनवाकर 127 करोड भारतीयों को सुरक्षा प्रदान करवाना। इसके लिए देश में फास्ट ट्रेक कोर्ट बनवाकर एक से तीन माह में तुरन्त न्याय की व्यवस्था करना, जिससे कि अपराधियों को तुरन्त दण्ड मिल सके और इन भ्रष्टाचार व बलात्कार आदि करने वालों के मृत्यदण्ड के कानून को राष्ट्रपति के क्षमादान के अधिकार से मुक्त करवाना तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून, अर्थ व कृषि व्यवस्था का पूर्ण भारतीयकरण व स्वदेशीकरण करना।

2. देश के संविधान से अपमानजनक शब्द इंडिया को हटाकर भारत की पुर्नस्थापना करना। विवादस्पद शब्द 'राष्ट्रपिता' को प्रतिबंधित कराकर भारत माँ के सम्मान की रक्षा करना। भारतीय नागरिकों में साम्प्रदायिक आधार पर भेदभाव उत्पन्न करने वाली नीतियों, कानूनों को भंग करके देश के सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता की व्यवस्था कर समानता का अधिकार प्रदान करना। वक्फ संपत्ति व शत्रु संपत्ति का राष्ट्रीयकरण करना।

3. जातिवाद को असंवैधानिक घोषित करना तथा आरक्षण का आधार आर्थिक स्थिति को बनाना।

4. भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना, काले धन को वापस मंगाना, भ्रष्टाचारियों की संपत्ति को राष्ट्रीय संपत्ति घोषित करना व भ्रष्टाचारियों को कठोर दंड का प्रावधान करना।

5. गौवंश की हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना, गौवंश के हत्यारों को मृत्युदंड का प्रावधान करना तथा गौवंश पर आधारित अर्थतंत्र की व्यवस्था करना। गौवंश आधारित कृषि, ऊर्जा, उद्योग आदि का तंत्र विकसित करना।

6. विद्यालयों में चरित्र निर्माण, व्यवसायिक शिक्षा व सैन्य शिक्षा अनिवार्य करना। तथ्यों के आलोक में भारतीय इतिहास का पुर्नलेखन कराकर ताजमहल, लालकिला आदि प्राचीन भवनों के वास्तविक निर्माताओं को श्रेय देकर भारत का सुप्त स्वाभिमान जगाना। काल गणना के लिए युगाब्ध को अपनाकर

राष्ट्रीय पंचांग के रूप में लागू करना। केन्द्रिय परीक्षाओं में अंग्रेजी प्रश्नपत्र की अनिवार्यता समाप्त करना तथा संस्कृत, हिन्दी व क्षेत्रिय भाषाओं को वैकल्पिक आधार प्रदान करना।

7. संस्कृत भाषा को प्रोत्साहित करना, उसे द्वितीय राजभाषा का दर्जा देना, संस्कृत माध्यम से संस्कृत शिक्षा देना, प्रत्येक राज्य में एक - एक केन्द्रिय संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना करना, संस्कृत में व्यवसायिक, रोजगार उन्मुख पाठ्यक्रमों का निर्माण करना व संस्कृत में रोजगार के अधिक अवसरों को उपलब्ध कराना, दूरदर्शन संस्कृत की स्थापना करना।

8. जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना तथा कश्मीर के मूल निवासियों का सुरक्षित पुर्नवास कराना।

9. स्वदेशी उत्पादनों को प्रोत्साहित करना। आयुर्वेद को राष्ट्रीय चिकित्सा पद्धति घोषित करना।

10. मांस निर्यात बंद करना, उन्नत कृषि एवं पशुपालन को प्रोत्साहित करना तथा राष्ट्रीय किसान आयोग का पुनर्गठन करना। बड़े बांधों की योजनाओं को निरस्त कर पर्यावरण के अनुकूल छोटे - छोटे बांधों की योजना पर कार्य करना। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा आदि वैकल्पिक ऊर्जा के संयंत्रों का तंत्र विकसित करना।

11. बेरोजगारी, गरीबी, भूख, अभाव व अशिक्षा से मुक्त स्वस्थ, समृद्ध, संस्कारवान व शक्तिशाली भारत का पुनर्निर्माण करना और भारत को विश्व की महाशक्ति तथा विश्वगुरू के रूप में पुन: प्रतिष्ठित करना।

सम्पूर्ण व्यवस्था परिवर्तन के लिए संगठन की ग्यारह सूत्री कार्य योजना को पसंद करने वाले देशभक्त साथियों ! राष्ट्र- धर्म, संस्कृति की रक्षा के लिए तथा भारत के पुर्नोत्थान के लिए अधिक से अधिक संख्या में तन- मन- धन के साथ संगठन से जुड़ें। भारत स्वाभिमान दल आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करता हैं।

नोट :- दान व सहयोग कैसे करे

बैंक द्वारा भारत स्वाभिमान दल को अंशदान देने अथवा सदस्य बनने के इच्छुक दानदाता

बैंक ऑफ बड़ौदा की स्थानीय शाखा में पहुँचकर

भारत स्वाभिमान दल, खाता संख्या A/C no:- 08840100020849

IFSC - BARB0FATEAS

Branch Code 0884

(भारत स्वाभिमान दल, बैंक ऑफ बड़ौदा, फतेहगंज पूर्वी, बरेली, उत्तर प्रदेश) के नाम अपना धन जमा कराकर उसकी जमा पर्ची व भरा गया सदस्यता फार्म की स्कैन-कापी हमें **bharatswabhimandalofficial@gmail.com** पर मेल करें अथवा **08535004500** पर व्हाट्सएप्प कर दें | पदेन सदस्य अपना फोटों भी दें ।

<> खाते में धन जमा करवाते समय खाता धारक का नाम एवं शाखा का स्थान अवश्य जाँच कर ले ।

<>सदस्यता सम्बन्धी किसी भी तरह की समस्या के समाधान हेतु श्री धर्म सिंह जी, राष्ट्रीय सचिव, भारत स्वाभिमान दल से **08535004500** पर सम्पर्क करें।

<>सभी प्रकार के दान व सदस्यता पूर्णतया अप्रत्यवर्णीय **(Not Refundable)** है।

सम्पर्क करें:

|| जो बोले सो अभय सनातन धर्म की जय ||

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते। पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते॥

ॐ शांतिः शांतिः शांतिः॥

भारत स्वाभिमान दल द्वारा राष्ट्र- धर्म जागरण हेतु वितरित की जाने वाली पीडीएफ पुस्तके *08126396457* पर व्हाट्सएप्प सन्देश भेजकर प्राप्त करें